

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-302 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 16 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# मध्यप्रदेश में "हर गरीब को पक्का मकान" का संकल्प होगा पूरा : सीएम डॉ.यादव

## विदिशा नगर पालिका बनेगी नगर निगम, मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल होंगे एक

## मुख्यमंत्री ने विदिशा में 177 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन एवं लोकार्पण






भोपाल विदिशा (निप्र) ।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि हर गरीब को पक्का मकान मिले। पूरे देश में अभी तक 4 करोड़ गरीबों को पक्के मकान दिलवाए जा चुके हैं। मध्यप्रदेश में पुराने सर्वे के अनुसार 16 लाख हितग्राहियों को पक्के मकान उपलब्ध कराने हैं, आज मध्यप्रदेश को 8.5 लाख नए आवास मिले हैं। इसके बाद पुनः सर्वे कराया जाएगा, कोई भी गरीब पक्के मकान के बिना नहीं रहेगा। मध्यप्रदेश में "हर गरीब को पक्का मकान" उपलब्ध कराने का संकल्प पूरा होगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को विदिशा में "प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवीन लक्ष्य का आवंटन" कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को सांकेतिक रूप से गृह प्रवेश कराया और लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने क्षेत्र के लिए 177 करोड़ 53 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हमारा एक ही ध्येय है विकास, विकास और विकास। हम इसकी प्राप्ति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। आने वाले 4 वर्षों में प्रदेश के बजट को दोगुना कर दिया जाएगा। हर क्षेत्र का विकास होगा। हर गरीब को पक्का मकान सहित सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रदेश में गरीब, महिला, युवा और किसानों के लिए विशेष मिशन चलाए जा रहे हैं। सभी का कल्याण हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दो बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओं केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) तथा अन्य सिंचाई परियोजनाओं से सिंचाई के रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्ष-2003 में जो 7 लाख हेक्टेयर ही था, अब बढ़कर 48 लाख हेक्टेयर से अधिक हो गया है। हर एक खेत को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। उन्होंने किसानों से कहा कि कुछ समय बाद हम कृषि उत्पादन में पंजाब और हरियाणा को भी पीछे छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी समय में विदिशा क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। भोपाल, विदिशा, रायसेन और सीहोर को मिलाकर वृहद राजधानी परियोजना बनाई जा रही है। इसके लिए मास्टर प्लान शीघ्र ही तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न घोषणाएं की। उन्होंने घोषणा की कि विदिशा नगर पालिका को नगर निगम बनाया जाएगा तथा विदिशा मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल को एकीकृत कर सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

### मध्यप्रदेश में रिकार्ड समय में बने ग्रामीण आवास : केंद्रीय मंत्री श्री चौहान

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास और प्रधानमंत्री जनमन आवास रिकॉर्ड समय में बनाए गए। प्रधानमंत्री जनमन योजना में पहली सड़क भी मध्यप्रदेश में बनाई गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में आज मध्य प्रदेश को 8 लाख 21 हजार 190 आवास दिए जा रहे हैं, आगामी अप्रैल मई में इतने ही आवास प्रदेश को और दिए जाएंगे। उन्होंने आवासों की स्वीकृति से संबंधित पत्र मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपा। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि जो गरीब आवास लेने से छूट गए हैं उनके लिए पुनः सर्वे कराया जा रहा है। अब सेल्फ-सर्वे की सुविधा भी सरकार दे रही है। उन्होंने बताया कि अब पात्रता की शर्तों में छूट दी गई है, जिसके अनुसार दो पहिया वाहन वाले, 15 हजार रूपये तक वार्षिक आय वाले और ढाई एकड़ तक सिंचित तथा 5 एकड़ तक असिंचित भूमि वाले हितग्राही भी प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पात्र होंगे।

### प्रदर्शनी का अवलोकन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री चैहान, प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री श्री पटेल, जिले के प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागो की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले में उत्कृष्ट आवासों को रेखांकित करने वाली प्रदर्शनी के संबंध में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की।



प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 के तीसरे दिन भगवान शिव की पोशाक पहने एक साधु गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर प्रदर्शन करते हुए।

## मोदी-शाह-योगी... चुनाव प्रचार में उतरेंगे BJP के ये दिग्गज; 40 नामों की स्टार प्रचारकों की लिस्ट

नई दिल्ली (ए.)। विधानसभा चुनाव प्रचार में भाजपा के सभी दिग्गज नेता दिल्ली में उतरेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री, सांसद और प्रदेश प्रभारी भी चुनाव प्रचार करेंगे। भाजपा की स्टार प्रचारकों की सूची में सबसे



पहला नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। 40 स्टार प्रचारकों की सूची में दूसरे स्थान पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, तीसरे स्थान पर राजनाथ सिंह और चौथे नंबर पर अमित शाह का नाम है। वहीं पांचवें स्थान पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का नाम शामिल किया गया है।भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची में उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों के नेताओं को शामिल किया गया है। साथ ही अभिनेता से नेता बने हेमा मालिनी, मनोज तिवारी, स्मृति ईरानी, हेमा मालिनी, रवि किशन दिनेश लाल यादव (निरहुआ) को भी शामिल किया गया है। फायर ब्रांड मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ और हिमंत बिस्व सरमा भी शामिल है। केंद्रीय मंत्री भी पूरी ताकत के साथ भाजपा को दिल्ली में जिताने के लिए दमखम लगाएंगे। इनमें पीयूष गोयल, शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर, धर्मेन्द्र प्रधान, सरदार हरदीप सिंह पुरी, गिरिराज सिंह, हर्ष मल्होत्रा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर समेत कई नेताओं को शामिल किया गया है। इसी तरह भाजपा शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री भी स्टार प्रचारक होंगे।

## लखनऊ की पहली एचएमपीवी संक्रमित महिला की हुई मौत, 10 जनवरी को आई थी निगेटिव रिपोर्ट

लखनऊ (आरएनएस)। लखनऊ की पहली एचएमपीवी संक्रमित महिला की मौत इलाज के दौरान मौत




हो गई है। महिला की रिपोर्ट 10 जनवरी को निगेटिव आ गई थी। टीबी, किडनी, ब्लड प्रेशर, दिल समेत दूसरी बीमारियों से ग्रसित महिला का बलरामपुर अस्पताल में भर्ती होकर इलाज चल रहा था। मोती नगर के नेहरू नगर हनुमान मंदिर के पास रहने वाली बुजुर्ग महिला को 22 नवंबर से खांसी और बुखार की समस्या शुरू हुई थी। स्थानीय डॉक्टरों के इलाज से फायदा न होने पर उन्हें जनवरी में कानपुर रोड स्थित निजी अस्पताल में दिखाया गया।

शहडोल में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

## औद्योगिक क्षेत्र की अपार संभावनाओं की भूमि है शहडोल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शहडोल औद्योगिक क्षेत्र की अपार संभावनाओं की भूमि है। सहयोग और साझेदारी के साथ क्षेत्रीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये 16 जनवरी को यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी शहडोल में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होने वाला है। इसमें उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ नीति संवाद और नवाचार साझा किये जायेंगे।



कॉन्क्लेव में 4 हजार से अधिक प्रतिभागी और 2 हजार से अधिक उद्योगपति शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कॉन्क्लेव में 28 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। इन इकाइयों में 570 करोड़ रूपये का निवेश और 2600 रोजगार का सृजन होगा। कॉन्क्लेव में टोरेंट पॉवर द्वारा 1600 मेगावाट थर्मल प्लांट के लिए 18 हजार करोड़ रूपये का निवेश संभावित है। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव देश के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा करेंगे।

## प्रयागराज से रामनगरी अयोध्या पहुंचा श्रद्धालुओं का जन सैलाब

अयोध्या (आरएनएस)। रामनगरी में बुधवार को प्रयागराज के महाकुंभ मेले का रेला उमड़ पड़ा। मुख्य मार्ग ही नहीं अयोध्या धाम की गालियां तक जाम हो गईं। जय श्रीराम के जयकारों के अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं की आस्था से पूरी नगरी राममय हो गई। मंगलवार शाम से शुरू हुआ श्रद्धालुओ का क्रम बुधवार शाम तक नहीं टूटा था। जिला प्रशासन ने सूझ-बूझ दिखाते हुए सभी की स्नान से लेकर दर्शन तक कि व्यवस्थाएं कराई। एक अनुमान के मुताबिक 10 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे हैं। प्रयागराज के महाकुंभ में 12 वर्ष बाद लगने वाले महाकुंभ में मकर संक्रांति पर लगभग साढ़े तीन करोड श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई है।

## भाजपा के तीन दर्जन से अधिक दावेदारों में प्रीति शुक्ला जिलाध्यक्ष मनोनीत

नर्मदापुरम (निप्र)। भाजपा के कश्मकश माहौल में जिले की पहली महिला जिलाध्यक्ष प्रीति पवन शुक्ला को भाजपा के जिलाध्यक्ष की कमान मिल गई। प्रीति शुक्लका महिला मोर्चा



जिलाध्यक्ष रह चुकी हैं। वर्तमान में वे भाजपा की जिला महामंत्री रही हैं। इसलिए भी उनकी दावेदारी प्रमुख मानी जा रही थी। भाजपा में करीब तीन दर्जन से अधिक लभगग 42 भाजपाई जिलाध्यक्ष पद के दावेदार माने जा रहे थे। बीते कुछ दिनों से भाजपा जिलाध्यक्ष के नामों को लेकर जमकर चर्चाओं का दौर जारी था। जो आज थम गया है। जिले के इतिहास में पहली बार भाजपा ने जिला अध्यक्ष की कमान किसी महिला को सौंपी है।




## बर्खास्त आईएएस पूजा खेडकर को राहत, फर्जी सर्टिफिकेट केस में गिरफ्तारी पर लगी रोक

नई दिल्ली (आरएनएस)। बर्खास्त आईएएस पूजा खेडकर को फेक सर्टिफिकेट केस में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी है। अगली सुनवाई तक पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर रोक रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस भेजकर 14 फरवरी तक जवाब मांगा है।

बता दें, पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर के मामले में दिल्ली पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि पूजा द्वारा दिया गया विकलांगता प्रमाणपत्र फर्जी है। दिल्ली पुलिस में हाई कोर्ट में दाखिल की गई अपनी स्टेटस रिपोर्ट में माना था कि पूजा खेड़कर का सर्टिफिकेट फर्जी है। सिविल परीक्षा 2022 और 2023 के दौरान पूजा ने सर्टिफिकेट दाखिल किया था। सर्टिफिकेट में पूजा खेड़कर ने अपना नाम बदला था। इन सर्टिफिकेट के महाराष्ट्र से जारी होने का दावा भी झूठा पाया गया था।

## मैं किसी और से प्यार करती हूं... ' पंचायत में पिता और भाई ने बेटी को गोलियों से भूना



ग्वालियर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक भाई और पिता ने अपनी बेटी की गोलियां मारकर हत्या कर दी।

दरअसल, मौत से पहले पीड़िता ने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उनसे अपने परिवार पर जबरदस्ती उसकी शादी कराने का आरोप लगाया था और इसके साथ ही बताया था कि वो किसी और से प्यार करती है। 52 सेकेंड के इस वीडियो में उसने अपने पिता महेश और परिवार के अन्य लोगों पर आरोप लगाया था और अपनी जान को खतरा बताया था। वीडियो में तनु ने कहा, मैं विक्की से शादी करना चाहती हूं। पहले मेरा परिवार इसके लिए मान गया था लेकिन बाद में उन्होंने मना कर दिया। वो मुझे रोज पीटते हैं और जान से मार देने की धमकी देते हैं। अगर मुझे कुछ भी होता है तो इसके लिए मेरा परिवार जिम्मेदार है। तनु ने वीडियो में जिस भिकम विक्की मवई का जिक्र किया है वो उत्तर प्रदेश के आगरा में रहता है और तनु के साथ पिछले 6 साल से रिलेशनशिप में था।

जब वीडियो वायरल हुई तो पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी तनु के घर पहुंचे और विवाद करने वाले पक्षों के बीच समझौता कराया। मामले को सुलझाने के लिए एक सामुदायिक पंचायत भी आयोजित की गई। इस दौरान, तनु ने घर पर रहने से इनकार कर दिया और उसने निवेदन किया कि उसे वन स्टॉप सेंटर (यह सरकार द्वारा संचालित एक पहल है जिसका उद्देश्य हिंसा से प्रभावित महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करना है) ले जाया जाए। हालांकि, उसके पिता ने कहा कि वो अकेले में तनु से बात करना चाहते हैं। महेश के पास देशी कट्टा था और उसने अपनी बेटी के सीने में गोली मार दी। इसी के साथ राहुल ने भी तनु के माथे, गले और उसकी आंख और नाक के बीच की जगह में गोलियां दाग दीं और तनु की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद मृतक के पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं, मृतक का भाई फरार बताया जा रहा है। जिसकी तालाश की जा रही है।

## राहुल गांधी न देश समझते हैं, न संविधान : रविशंकर प्रसाद



पटना (आरएनएस)। कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी के भारतीय राज्यों से लड़ाई लड़ने के बयान पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब से भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी न देश समझते हैं, न संविधान। पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आज तो उन्होंने यहां तक कह दिया कि वे 'इंडियन स्टेट' का भी विरोध करेंगे। राहुल गांधी जिस प्रकार की भाषा बोलते हैं, वह माओवादी भाषा है। हम इसकी भर्त्सना करते हैं। मैं संसद में भी उनको समझा चुका हूं। उनकी आलोचना कर चुका हूं। वे न हिंदुस्तान समझते हैं और न संविधान समझते हैं। इसके कारण अनाप-शनाप बकबक करते हैं। उन्होंने कहा कि वो खुद तो कम पढ़ते हैं, जो उनको पढ़ाने वाले हैं, वे माओवादी हैं।दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी की लड़ाई अब राजनीतिक विरोधियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय राज्य की मशीनरी के खिलाफ है।

## 10 देशों का दल महाकुम्भ का करेगा भ्रमण

महाकुम्भनगर(आरएनएस)। योगी सरकार द्वारा भव्य और दिव्य महाकुम्भ का आयोजन अब पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को 10 देशों का 21 सदस्यीय दल संगम में पवित्र डुबकी लगाएगा। विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के एक्सटर्नल पब्लिसिटी एंड पब्लिक डिप्लोमेसी डिवीजन द्वारा आमंत्रित 10 देशों का 21 सदस्यीय दल बुधवार को पहुंच रहा है। इस दल के आवास की व्यवस्था अरैल क्षेत्र स्थित टेंट सिटी में की गई है, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा निर्मित किया गया है।



गुरुवार 16 जनवरी 2025, नर्मदापुरम (होशंगाबाद)

दैनिक क्षितिज किरण 2

## विविध-समाचार

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी के जन्म दिवस पर की उनके दीर्घायु होने की कामना

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चित्रकूट तुलसी पीठाधीश्वर, पद्मविभूषण, जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी के जन्म-दिवस पर उन्हें प्रणाम करते हुए बाबा महाकाल से उनके दीर्घायु होने और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामी रामभद्राचार्य जी के आशीर्वाद की कामना करते हुए कहा कि स्वामी जी की शिक्षा और मार्गदर्शन ने समाज में एकता और मानवता के प्रयासों को बल दिया है, उनके प्रखर विचारों से समाज में सांस्कृतिक नवचेतना का संचार हुआ है।

### ओम शिव शक्ति सेवा मंडल ने धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

भोपाल(आरएनएस)। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा लोहड़ी का त्योहार बड़े ही उत्साह और परंपरागत तरीके से मनाया गया। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि गौतम नगर में आयोजित इस कार्यक्रम में पर्यावरण की रक्षा को ध्यान में रखते हुए गो-काष्ठ का उपयोग कर अग्नि प्रज्वलित की गई।

समारोह में सदस्यों ने भांगड़ा नृत्य किया और परंपरागत प्रसाद के रूप में रेवड़ी और मूंगफली का वितरण किया गया। इस अवसर पर नवविवाहित जोड़े पुनीत भटेजा और गुंजन भटेजा को मंडल के सदस्यों ने सुखमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं और आशीर्वाद दिया।कार्यक्रम में मंडल के प्रमुख सदस्यों में सचिव रिंकू भटेजा, सचिन सेवारामानी, प्रदीप सोनी, रंजीत अरोड़ा, शिरीष सक्सेना, योगेश श्रीवास्तव, विशाल शर्मा, मनोज पांडे, गजेंद्र ठाकुर, कपिल ग्वाला, लक्ष्मण सिंह और राधेश्याम कैलासिया सहित अन्य सदस्य और महिलाएं उपस्थित रहीं।

### एलएनसीटी विश्वविद्यालय में मकर संक्रांति पर छात्रों ने मनाया पतंग उत्सव

भोपाल (आरएनएस)। कोलार रोड स्थित एलएनसीटी विश्वविद्यालय में मकर संक्रांति का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कैंपस में आयोजित पतंग उत्सव में छात्रों और फैकल्टी मेंबर्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आसमान में रंग-बिरंगी पतंगों की बहार के बीच छात्रों ने एक-दूसरे की पतंग काटने की प्रतिस्पर्धा में भाग लिया।

कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि कई छात्रों ने खुद के हाथों से डिजाइन की गई पतंगें भी उड़ाईं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस अवसर को और भी यादगार बनाने के लिए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। छात्रों ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुतियां दीं और लोक कलाओं का प्रदर्शन किया।त्योहार की मिठास बढ़ाने के लिए सभी छात्रों और फैकल्टी मेंबर्स को पारंपरिक तिल के लड्डू वितरित किए गए। मकर संक्रांति के इस आयोजन ने न केवल छात्रों में उत्साह का संचार किया, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का काम भी किया। यह त्योहार सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का प्रतीक है, जो भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखता है।

### कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने पतंगबाजी कर मनाई मकर संक्रांति

भोपाल (आरएनएस)। मकर संक्रांति के मौके पर भोपाल मध्य विधानसभा के विधायक आरिफ मसूद ने पतंग उड़ाई और कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ताओं को तिल के लड्डू खिलाए। विधायक मसूद ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ नीले रंग की पतंग उड़ाई जिसपर लिखा था जय बापू जय संविधान।कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कहा मैं अपनी विधानसभा में हर साल मकर संक्रांति पर पतंग उत्सव का आयोजन करता हूं। इस बार जय भीम, जय बापू, जय संविधान की नीली पतंग उड़ाई है। क्योंकि जितना हम अपने धर्म को मोहब्बत करते हैं उतना ही अपने संविधान को भी करते हैं। हम लोग संविधान की रक्षा में जुटे हुए हैं।विधायक मसूद ने कांग्रेस नेताओं के धार्मिक आयोजन में शामिल न होने के सवाल पर कहा मैंने पहले भी कहा था कि कांग्रेस नेता धार्मिक आयोजन में शामिल तो होते हैं, लेकिन पीछे रहते हैं। कांग्रेस नेताओं को धार्मिक आयोजनों में आगे आना चाहिए।मध्य विधानसभा से विधायक आरिफ मसूद ने शाहपुरा पार्क में पतंग उड़ाई। इसके बाद अपने विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों पर लोगों को तिल के लड्डू, गजक खिलाकर मकर संक्रांति की बधाई देने पहुंचे।विधायक आरिफ मसूद ने मकर संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि कई ताकतें हिन्दू, मुस्लिम को लड़ा कर देश के भाईचारे को समाप्त कर रही हैं। यह पर्व आपसी भाईचारे को मजबूत करने वाला पर्व है। मकर संक्रांति पर्व एक उत्साह से जुड़ा है। इस दिन पतंग उड़ाने का भी विशेष महत्व होता है। लोग आनंद और उल्लास के साथ पतंगबाजी करते हैं। कई स्थानों पर पतंगबाजी के आयोजन के मुकाबले भी किए जाते हैं।

### महापौर ने अरेरा कालोनी पार्क में नवीन झूलों का किया लोकार्पण

भोपाल (आरएनएस)। महापौर मालती राय ने अरेरा कालोनी पार्क क्रमांक 01 में बच्चों को खेल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नवीन झूलों का लोकार्पण किया।महापौर मालती राय ने मंगलवार को मकर सक्रांति के पावन पर्व पर वार्ड क्र. 45 के अंतर्गत अरेरा कालोनी ई-1 स्थित पार्क क्र. 01 में बच्चों को खेलने की सुविधा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत लगाए गए झूलों का फीता काटकर लोकार्पण किया। महापौर राय ने इस अवसर पर नागरिकगण को मकर संक्रांति की बधाई दी और पतंग भी उड़ाई।

### सेंट्रल वर्ज, साईड वर्ज व हरित क्षेत्रों से मिट्टी, कचरा, सी.एण्ड.डी वेस्ट बेहतर ढंग से साफ कराएं

भोपाल (आरएनएस)। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डों अनुसार साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर समक्ष में एवं वी.सी.के माध्यम से निर्देशित किया कि सेंट्रल वर्ज, साईड वर्ज, फुटपाथ, रोटरी व हरित क्षेत्रों से मिट्टी, कचरा बेहतर ढंग से साफ कराए और दूसरी पाली में टीम लगाकर साफ-सफाई कराकर कचरा उठाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त नारायन ने सफाई मित्रों से भी चर्चा की और सफाई कार्य के दौरान भक्कू साथ रखने व कचरा भक्कू में ही रखने और कचरे की ढ़ेरियां न लगने देने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने सड़कों पर भवन निर्माण सामग्री/सी.एण्ड.डी वेस्ट न रखने देने और निर्माणाधीन भवनों को ग्रीन नेट से पूरी तरह कवर कराने के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने तथा पालन न करने वालों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और समक्ष में तथा वी.सी. के माध्यम से सेंट्रल वर्ज, साईड वर्ज, फुटपाथ, रोटरी आदि के किनारों से मिट्टी को अच्छी तरह साफ करने, हरित क्षेत्रों की बेहतर ढंग से सफाई कराने तथा दूसरी पाली में टीम लगाकर साफ-सफाई कराकर कचरा उठवाने के निर्देश दिए।

# प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने गरीब कल्याण मिशन के क्रियान्वयन की स्वीकृति

**पुलिस बैण्ड की स्थापना के लिए 932 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति**

**डायल-100 सेवा के द्वितीय चरण के संचालन के लिए 1565 करोड़ रूपये की स्वीकृति**

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। प्रदेश को वर्ष 2028 तक गरीबी मुक्त बनाने का महत्वाकांक्षी निर्णायक कदम उठाते हुए मंत्रि-परिषद ने गरीब कल्याण मिशन के क्रियान्वयन की स्वीकृति दी। मिशन का उद्देश्य राज्य के गरीब और वंचित वर्गों का आर्थिक उत्थान करते हुये उनकी आय को न्यूनतम आय के स्तर तक लाना है। गरीब कल्याण मिशन संयुक्त रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से क्रियान्वित किया जायेगा।गरीब कल्याण मिशन मुख्यत: तीन घटकों यथा बहु-आयामी गरीबी इण्डेक्स में सुधार, आजीविका सुदृढ़ीकरण और विद्यमान संगठनों के सशक्तिकरण पर केन्द्रित है। बहु आयामी गरीबी इण्डेक्स के मुख्य बिन्दु महिलाओं और बच्चों का पोषण सुनिश्चित करना, शिशु मृत्यु दर कम करना, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य सुनिश्चित करना, माध्यमिक शिक्षा सुनिश्चित करना, माध्यमिक कक्षा तक के छात्रों की स्कूल में उपस्थिति, भोजन पकाने के लिए समुचित ईंधन उपलब्धता, स्वच्छता, पेयजल उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन, आवास निर्माण, परिवारों के पास संसाधन उपलब्धता, बैंक खाता की उपलब्धता के साथ वित्तीय समावेश में सुधार किया जायेगा। गरीब कल्याण मिशन-2028, स्थानीय समुदाय के सशक्तिकरण के



माध्यम से वर्तमान शासकीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुये राज्य की जनता को आत्मनिर्भरता और समृद्धि के पथ पर अग्रसर करने में सहायक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ष-2024 के स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर गरीब कल्याण मिशन-2028 की घोषणा की थी। शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप संयंत्रों की स्थापना की स्वीकृति मंत्रि-परिषद द्वारा "पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना" अंतर्गत प्रदेश के शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप संयंत्रों की स्थापना की स्वीकृति दी है। सोलर रूफ टॉप संयंत्रों की स्थापना मिशन मोड में वर्ष 2025-26 तक की जाना है।

जिला स्तर पर 20 किलोवॉट और उससे अधिक क्षमता वाले शासकीय भवनों को एग्रीगेट कर निविदा के माध्यम से रेस्को पद्धति या कैपेक्स मोड में म.प्र. ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड द्वारा योजना का क्रियान्वयन किया जायेगा। केन्द्र सरकार द्वारा "पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना" प्रारम्भ की गई है। इस योजना के विभिन्न घटकों में घरेलू क्षेत्र में सोलर रूफ टॉप की स्थापना के साथ ही प्रदेश के शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप संयंत्रों की स्थापना की जाना है। सभी शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप संयंत्र की स्थापना एवं संचालन की मॉनिटरिंग "पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना" के अंतर्गत निर्मित की गई "राज्य स्तरीय समन्वय समिति" एवं "जिला स्तरीय समिति" द्वारा की जायेगी। सभी विभाग अपने भवनों पर और सभी जिला कलेक्टर जिले के शासकीय भवनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिये एक्शन प्लान तैयार कर "राज्य स्तरीय समन्वय समिति" के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इस योजना के सफल एवं दक्षतापूर्ण क्रियान्वयन से निश्चित ही प्रदेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा।

## गेहूँ खरीदी के लिये 20 जनवरी से होगा किसानों का पंजीयन

**खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने केन्द्रीय खाद्य मंत्री श्री जोशी के साथ हुई वीसी में दी जानकारी**



भोपाल (आरएनएस)। गेहूँ खरीदी के लिये किसानों का ऑनलाइन पंजीयन आगामी 20 जनवरी सोमवार से शुरू होगा। गेहूँ खरीदी के लिये 4 हजार उपार्जन केन्द्र बनाये जायेंगे। गत वर्ष 3800 उपार्जन केन्द्र बनाये गये थे। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने यह जानकारी केन्द्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दी। केन्द्रीय मंत्री श्री जोशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से गेहूँ उपार्जन की तैयारियों की राज्यवार समीक्षा कर रहे थे।

केन्द्रीय मंत्री श्री जोशी ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता लायें। किसानों को गेहूँ उपार्जन के बाद जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्चित करें। रजिस्ट्रेशन जल्द शुरू करें। उन्होंने कहा कि क्वालिटी कंट्रोल में जिम्मेदार लोगों की ड्यूटी लगायें। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष उपार्जन केन्द्रों पर गेहूँ की मेकेनाइज्ड क्लीनिंग के लिये मशीन लगाने का प्रस्ताव है। इससे खराब गेहूँ की खरीदी रुकेगी। उन्होंने समितियों को दिये जाने वाले कमीशन की राशि बढ़ाने की बात कही।

### कलेक्टर के निर्देश पर 24 भूमाफियाओं पर एफआइआर की तैयारी

भोपाल, (आरएनएस)। जिले की हुजूर तहसील में सबसे अधिक अवैध कालोनियां विकसित की जा रही हं। इनमें कुराना ओर छावनी पठार शामिल है, जहां भूमाफिया कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी बनाकर प्लॉट बेच रहे हैं। हुजूर क्षेत्र की बात करें तो यहां करीब 100 करोड़ की कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। इस पर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सख्त निर्णय लेते हुए एसडीएम विनोद सोनकिया को भूमाफियाओं पर एफआइआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं, एसडीएम ने ऐसे 24 भूमाफिया की सूची तैयार भी कर ली है। बता दें कि डायवर्सन, कालोनाइजर लाइसेंस, टीएंडसीपी अनुमति को लकर अवैध कॉलोनी काटने वालों को नोटिस दिए गए थे, लेकिन यह दस्तावेज पेश हनीं कर सके हैं। एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर सर्वे कर अवैध कॉलोनियों को चिन्हित किया गया था, जिनके प्रकरण बनाकर कलेक्टर न्यायालय में पेश किए गए थे।

### फरार आरक्षक की बहाली पर डीसीपी को थमाया नोटिस

**भोपाल,(आरएनएस)। राजधानी के एक बिल्डर के अपहरण मामले में फरार आरक्षक हेमंत चौहान की बहाली करने के बाद ट्रैफिक डीसीपी संजय सिंह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्रा ने उन्हें नोटिस जारी किया है। बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले में विभागीय जांच भी शुरु हुई है। उधर डीसीपी ने अपनी सफाई में कहा कि आरक्षक के निलंबन के 45 दिन पूरे हो चुके थे, इसलिए बहाली की गई थी। परंतु जब यह मामला सामने आया तो पुलिस आयुक्त ने हेमंत चौहान की बहाली रद्द कर दी। साथ ही डीसीपी को भी नोटिस थमा दिया। बता दें, कोलार क्षेत्र में रहने वाले बिल्डर नीतेश ठाकुर को उसके कुछ पूर्व साथियों ने पिछले वर्ष अक्टूबर महीने में बैंकाक घूमने के नाम पर बंधक बना लिया था। बाद में बिल्डर की पत्नी से 30 लाख रुपए की फिरौती के बाद उसे छोड़ दिया था। बिल्डर की पत्नी की शिकायत पर कोलार थाने में नामजद आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया था।**

## उत्तरी हवाओं से राजधानी में बढ़ रही ठिठुरन



भोपाल(आरएनएस)। उत्तर भारत की तरफ से आ रही सर्द हवाओं के कारण मध्य प्रदेश में सोमवार-मंगलवार को रात के न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। इसी क्रम में मकर संक्रांति के दिन प्रदेश में सबसे कम 4.6 डिग्री सेल्सियस तापमान राजगढ़ में दज किया गया। भोपाल, सीहोर, रतलाम एवं शाजापुर में शीतलहर चली। 26 शहरों में रात का तापमान दस डिग्री सेल्सियस से कम रहा। सतना, मैहर, रीवा, सीधी, सिंगरौली, राजगढ़, पन्ना और छतपुर में मध्यम से घना कोहरा छाया रहा। प्रदेश में सबसे कम 50 मीटर दृश्यता सतना में दर्ज की गई। दिन का सबसे कम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस जबलपुर में रहा। मौसम विज्ञानियों के अनुसार एक बार फिर विपरीत दिशाओं के सम्मिलन की स्थिति बनने लगी है। इस वजह से प्रदेश में फिर बादल छा सकते हैं। साथ ही ग्वालियर चंबल संभाग सागर एवं भोपाल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा हो सकती है।

## रीवा में विवाद, अपने दल के विधायक की तस्वीर पर लगा दिया सफेद रंग

भोपाल,(आरएनएस)। प्रदेश भाजपा अपने नेताओं की अंतर्कलह को लेकर विपक्षी दल क निशाने पर है। सागर में नेताओं की खींचतान के बाद अब रीवा का एक मामला सुर्खियों में ह। यहां पार्टी के विधायक ने सोशल मीडिया में एक तस्वीर शेयर करने से पहले अपने ही दल के एक विधायक की तस्वीर को सफेद रंग से ढक दिया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहडोल रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव को लेकर वर्चुअल बैठक ली थी। इसमें मुख्यमंत्री के साथ डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल, त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी, मनगंवा विधायक नरेंद्र प्रजापति ओर कई अन्य नेता व अधिकारी भी कान्फ्रेंस रूम में मौज्ूद थे। मनगवां से भाजपा विधायक नरेंद्र प्रजापति ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के साथ हुई वीडियो कान्फ्रेंसिंग की अपने सोशल मीडिया हैंडल पर चार तस्वीरें पोस्ट कीं, इसमें से एक तस्वीर में उन्होंने त्योंथर के विधायक सिद्धार्थ तिवारी की सफेद रंग से ढक दिया। जैसे ही यह फोटो सोशल मीडिय पर वायरल हुई, विधायक तिवारी के समर्थकों ने प्रजापति को घेरना शुरु कर दिया। इस पर प्रजापति ने सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने तिवारी को सफेद रंग से कवर किया, काले रंग से नहीं। हालांकि विरोध के बाद विधायक प्रजापति ने करीब 12 घंटे बाद पोस्ट को डिलीट कर दिया, जबकि पहले उन्होंने इसे हटाने से इंकार किया था। इसक मामले में कांग्रेस ने तंज़ कसा है। उनके नेताओं ने कहा कि ये लोक एक-दूसरे पर कालिख भी पोतने में पीछे नहीं रहेंगे। वह दिन दूर नहीं जब वे एक-दूसरे के मुंह पर कालिख पोतेंगे। भाजपा के नेता कभी अपने सांसद या विधायक के खिलाफबयान देते हैं, तो कभी एक-दूसरे पर सफेद और काली पट्टी चिपका रहे हैं। ऐसे नेताआं से जनता को भला क्या उम्मीद हो सकती है।

## नागरिकों को उन्नत, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**जे पी हॉस्पिटल भोपाल बना एमआरआई सेवा प्रदान करने वाला प्रदेश का पहला जिला चिकित्सालय**

**10 करोड़ 50 लाख की लागत से बने एमआरआई सेवा केंद्र का उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने किया लोकार्पण**




भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिला चिकित्सालयों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त करने के लिये तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि नागरिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उनके ही जिले में उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत किया जा रहा है और आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। नागरिकों को उन्नत, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जिला चिकित्सालय भोपाल (जेपी हॉस्पिटल) में एमआरआई जांच सेवा केंद्र का लोकार्पण किया।

एमआरआई सेवा प्रदान करने वाला जेपी हॉस्पिटल प्रदेश का पहला जिला चिकित्सालय बन गया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और विस्तारित करने के लिए सरकार सतत प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि एमआरआई जांच सेवा उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में भी शीघ्र शुरू की जाएगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह सेवा सीजीएचएस दर से 30 प्रतिशत कम शुल्क पर नागरिकों को उपलब्ध होगी। साथ ही, आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकृत हितग्राहियों के लिए यह सेवा नि:शुल्क रहेगी।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य सेवाओं में अभूतपूर्व सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी स्वयं विकास कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे सुधार न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की चुनौतियों को भी ध्यान में रखते हुए किए जा रहे हैं।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जेपी हॉस्पिटल में मार्च 2025 तक कैथ लैब और हृदय उपचार संबंधी सुविधाओं का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। यहां कैथ लैब और सीटीवीएस सेवाओं के माध्यम से एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, हार्ट ट्रांसप्लांट और बाईपास सर्जरी जैसी उन्नत सेवाएँ उपलब्ध होंगी। इसके तहत 100 बिस्तरों की हृदय उपचार यूनिट स्थापित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में देरी न हो और सभी सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाएँ निरंतर सशक्त हो रही हैं।

## गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध निगम ने 203 प्रकरणों में 45 हजार 550 रूपये स्पॉट फाईन के रूप में वसूली की

भोपाल (आरएनएस)। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाकर साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों एवं सीएंडडी वेस्ट, भवन निर्माण सामग्री सड़कों पर फैलाने तथा निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन नेट न लगाकर वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देशों के परिपालन में निगम अमले ने सख्ती के साथ कार्यवाही करते हुए 203 प्रकरणों में 45 हजार 550 रूपये की राशि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। उक्त प्रकरणों में सी.एण्ड.डी वेस्ट फैलाने वालों के विरूद्ध 05 प्रकरणों में 13 हजार रूपये की राशि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। निगम प्रशासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का पूरी तरह उपयोग करें और शहर के वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु सहयोग करें अन्यथा निगम प्रशासन द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने मंगलवार को जोन क्षेत्रों में सीएंडडी वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर फैलाने वालों तथा निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन नेट न लगाने वालों के विरूद्ध अभियान के तहत कार्यवाही की। निगम अमले ने सड़कों पर कचरा, गंदगी फैलाने, दो डस्टबिन न रखने, कचरा पृथक-पृथक न रखने, खुले स्थानों पर मूत्र विसर्जित करने, प्रतिबंधित पालीथीन का उपयोग करने सहित अन्य प्रकार से साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की और सभी प्रकार के प्रकरणों में स्पॉट फाईन/जुर्माने की राशि वसूल की।निगम के अमले ने सीएंडडी वेस्ट सड़कों पर फैलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जोन क्रमांक 08 के अमले ने 01 प्रकरण में 10 हजार रूपये, जोन क्रमांक 10 के अमले ने 02 प्रकरण में 02 हजार रूपये तथा जोन क्रमांक 01 में 02 प्रकरणों में 01 हजार रूपये सहित कुल 05 प्रकरणों में 13 हजार रूपये की राशि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। निगम प्रशासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का उपयोग पूरी तरह से सुनिश्चित करें और शहर में वायु गुणवत्ता सुधार हेतु निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों में सहयोग करें अन्यथा निगम प्रशासन द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## 26 दिन बाद भी पूर्व आरटीओ आरक्षक की लोकेशन ट्रेस नहीं कर पा रहा आयकर विभाग

भोपाल, (आरएनएस)। जिला अदलात में जमानत याचिका खाारिज होने के बाद पूर्व आरटीओ आरक्षक सौरभ शर्मा अब हाईकोट्र में जमानत याचिका लगान की तैयारी में है। इधर, आयकर विभाग अब तक सौरभ शर्मा की लोकेशन पता नहीं कर सका है। डिपार्टमेंट लुकआउट सर्कु लर के आधार पर उसके देश के बाहर जाने या आने की स्थिति में खुफिया एजेंसियों से इनपुट मिलने के भरोसे है। बता दें कि 19 और 20 दिसम्बर की दरमियानी रात राजधानी के मेंडोरी से जब्त किए गए 52 किलो गोल्ड और कैश के मामले में मोस्ट वांटेड सौरभ शर्मा अभी भी आयकर विभाग के रडार के बहार है। इनोवा कार के मालिक चेतन शर्मा से पूछताछ के आधार पर आयकर विभाग गोल्ड और कैश के मालिक का पता लगा चुकी है। चेतन शर्मा के बयान के आधार पर उसका आयरक विभाग ने सौरभ शर्मा की मां उमा शर्मा के बयान देने के लिए आयकर दफ्तर में तलब किया। तब उमा शर्मा अपने वकील के माध्यम से आयकर दफ्तर बयान देने पहुंची थीं। कहा जा रहा है कि उमा शर्मा ने जो भी बयान दिया है वह प्रायोजित है। उनसे रटा-रटाया बयान दिलाया जा रहा है।



# अनुगूँज कार्यक्रम के माध्यम स्कूली बच्चों को मिला अपनी कला प्रदर्शन का बेहतर मंच

### अपार उत्साह और उमंग से बच्चों ने दी धर्म-संस्कृति और लोक कला पर आधारित प्रस्तुतियां



इन्दौर (आरएनएस)। इंदौर के स्कूली बच्चों को अपनी कला के प्रदर्शन के लिये अनुगूँज कार्यक्रम के माध्यम से बेहतर मंच उपलब्ध कराया गया। इस मंच के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी कला का उत्साह और जोश के साथ प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम संयुक्त संचालक लोक शिक्षण अरविन्द सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने धमाकेदार, आध्यात्मिक,सांस्कृतिक और वात्सल्यमयी लोककलाओं पर आधारित प्रस्तुतियां दी । इन प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों की प्रतिभा,उत्साह,ऊर्जा और जोश का संगम अद्भुत रहा। प्रत्येक प्रस्तुति पर दर्शकों को बच्चों ने आश्चर्यचकित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त संचालक अरविंद सिंह, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी एम एस निंगवाल , श्रीमती अनिता चौहान , के.एस. डाबर, श्रीमती किरणबाला चौहान, सहायक संचालक एवं नोडल अधिकारी श्रीमती पूजा सक्सेना ने माँ सरस्वती की चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना के साथ किया।

विद्यार्थियों ने धार्मिक संस्कृति पर भगवान विष्णु दशावतार वर्णन , शिव वन्दना ,आदि शक्ति माता दुर्गा के विभिन्न रूपों को दर्शाता नव दुर्गा नर्तन, जोश ऊर्जा से भरा हरियाणवी नृत्य , शिवोहम-मैं शिव हूँ... में भगवान शिव के विवाह और समुद्र मंथन वर्णन का नाट्य प्रदर्शन, तमिलनाडु राज्य का विभिन्न धार्मिक आयोजन पर किया जाने वाला कर्णकट्टम नृत्य, गायन भारत सबसे न्यारा , महारास का नाट्य प्रदर्शन, मध्यप्रदेश की संस्कृति को प्रदर्शित करता निमाड़ी नृत्य और संगीत के तहत वादन की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती छाया पँवार, मनोज खोपकर , दीपक हलवे ,श्रीमती मुग्धा पण्डित, श्रीमती सुनयना शर्मा सहित अन्य शिक्षक और दिग्विजय सिंह राठौड़,श्रीमती दीपिका सिंह राठौड़ ,डॉ सुचित्रा हरमलकर, डॉ रागिनी मक्खड़ ,हर्षिता सागर और अन्य मेंटर्स के साथ पालक अभिभावक तथा विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति पर भक्तों का जनसैलाब, रामराजा सरकार के जयकारों से गूंजा ओरछा



ओरछा/निवाड़ी(आरएनएस)। ओरछा में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मां बेतवा में स्नान और रामराजा सरकार के दर्शन के लिए हजारों भक्तों का आगमन शुरू हो गया। बेतवा नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। ठंडे मौसम के बावजूद बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं श्रद्धा के साथ पवित्र नदी में स्नान कर रहे थे। स्नान के पश्चात भक्तगण रामराजा सरकार के मंदिर की ओर बढ़ रहे थे, जहां जयकारों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। एक श्रद्धालु ने कहा, "हर वर्ष मकर संक्रांति पर यहां आकर स्नान करना और रामराजा सरकार के दर्शन करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।" मौसम के साफ रहने और गुनगुनी धूप ने भक्तों के आनंद को दोगुना कर दिया। ओरछा प्रशासन ने व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। मंदिर परिसर और घाटों पर सफाई और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के कारण मकर संक्रांति पर हर साल ओरछा में हजारों श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालु परिवार सहित मंदिर परिसर और बेतवा के घाटों पर समय व्यतीत कर रहे हैं, जहां का भक्ति वातावरण देखते ही बनता है।

## विविध-समाचार

## सिम बंद कर खाते से निकाले पैसे, दो लाख की ठगी

इंदौर (आरएनएस)। विजयनगर पुलिस ने ऑनलाइन फ्रॉड के एक मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पीड़ित की सिम एक दिन के लिए बंद कर दी थी। अगले दिन जब सिम चालू हुई, तो पीड़ित को बैंक की ओर से चार मैसेज मिले, जिनमं उनक खाते से करीब दा लाख रुपए दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर किए जाने की जानकारी दी गई। शिकायतकर्ता कृष्णनाथ फुंदे, निवासी मालवीय नगर ने बताया कि वे एक प्राइवेट जॉब करते हैं और उनका खाता एसबीआई ब्रांच 54 में है। 21 सितम्बर 2024 से 22 सितम्बर 2024 के बीच उनके खाते से चार यूपीआई ट्रांजेक्शन हुए, जिनमें करीब दो लाख रुपए निकाले गए। उन्होंने बताया कि मैंने कोई ऑनलाइन बैंकिंग नहीं की। किसी को ओटीपी भी साझा नहीं किया। फिर भी उनके खाते से पैसे निकाल लिए गए। शिकायतकर्ता कृष्णनाथ फुंदे न बताया कि 20 सितम्बर 2024 की रात को उनकी सिम में नेटवर्क नहीं आ रहा था। अगले दिन सिम बंद रही। सिम चालू करवाने के लिए उन्होंने कंपनी से संपर्क किया, तो पता चला अलर्ट एसएमएस से उन्हें जानकारी मिली। इसके बाद कृष्णनाथ ने तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन और अन्य विभागों में लिखित शिकायत की।

## सर्वोच्च न्यायालय ने दिए थे 41 करोड़ 41 लाख रुपए जमा करने के आदेश

जबलपुर, (आरएनएस)। भोपाल के बैरागढ़ स्थित सडक् विकास निगम की जमीन के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने 41 करोड़ 41 लाख रुपये की राशि हाईकोर्ट में जमा करने के निर्देश दिये थे। राशि जमा नहीं करते हुए याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में लंबित याचिका वापस लेने का आग्रह किया। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैंत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने सर्वोच्च न्यायालय व हाईकोर्ट का समय बर्बाद करने के कारण याचिकाकर्ता पर पाँच लाख रुपये की कॉस्ट लगाई है। निखिल गांधी की तरफ से 2022 में दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि बैरागढ़ में स्थित सड़क विकास निगम की 6232 वर्ग मीटर जमीन के लिए उसने 29 करोड़ की बोली लगाई थी। सबसे अधिक बोली होने के बावजूद 21 करोड़ की बोली लगाने वाले व्यक्ति को जमीन दी गई। हाईकोर्ट ने नीलामी रोक दी थी। सड़क विकास निगम ने सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की। सर्वोच्च न्यायालय में लिखित में जमीन क लिए 41 करोड़ 41 लाख रुपए का प्रस्ताव पेश किया था। सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश में कहा था कि सामान्य परिस्थिति में कानून के अनुसार आयोजित नीलामी में न्यायालय को रिट कार्यवाही के माध्यम हस्तक्षेप नहीं करना चाहिये।

## कमरे की दीवार तोड़कर 16 बकरी चोरी

मंडीदीप (आरएनएस)। समपीस्थ थाना क्षेत्र के गांव से बीती रात कमरे की दीवार तोड़कर अज्ञात चोर 16 नग बकरे एवं बकरियां चोरी कर ले गए। परिवार सोता रहा और किसी को भनक तक नहीं लगी। घटना की जानकारी गृह स्वामी को सुबह लगी। ग्रामीण क्षेत्र में गरीब एवं निर्धन परिवार के लोग बकरी पालन कर अपनी आजीविका चलते हैं।

## भाजपा नेत्री से दुष्कर्म मामले में भाजपा नेता गिरफ्तार

रीवा/सीधी, (आरएनएस)। सीधी जिले में भाजपा नेत्री से दुष्कर्म के मामले में कोतवाली पुलिस ने भाजपा के नेता अजीत पाल सिंह को गत दिवस रीवा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं भाजपा के सीधी जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह ने शाम को ही पत्र जारी कर दुष्कर्म के आरोपित को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया। भाजपा नेता के खिलाफ शहर की वरिष्ठ नेत्री ने दुष्कर्म की शिकायत पुलिस अधीक्षक डॉ. रवींद्र वर्मा से की थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव ने जांच के बाद मामला पंजीबद्ध कर आरोपित को रीवा से गिरफ्तार कर लिया। महिला नेत्री ने भाजपा नेता अजीत पाल सिंह पर दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग की शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी शिकायत में महिला ने अजीत पाल सिंह का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर लाखों रुपये ऐंठने को भी गंभीर आरोप लगाया है कि विधायक का टिकट दिलाने का झांसा देकर आरोपित अजीत पाल सिंह ने उसे अपने जाल में फंसाया व दुष्कर्म कर उसके अश्लील फोटो-वीडियो बना लिए और बहुप्रसावित करने की धमकी देकर पैसे ऐंठ लिए। पुलिस के अनुसार अजीत पाल सिंह की गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में पेश किया गया वहां से अजीत पाल सिंह को जेल भेज दिया गया।

# बाबा साहेब को जो वर्ग भगवान मानता है, अमित शाह ने संसद में उसका अपमान किया : जीतू पटवारी

देवास (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज देवास जिले के कन्नौद, बागली और हाटपिपल्या विधानसभा क्षेत्रों में संगठनात्मक चर्चा एवं आगामी 27 जनवरी 2025 को डॉ. भीम राव अंबेडकर जी की जन्मस्थली महूं में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी सहित देश – प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान रैली की तैयारियों को लेकर स्थानीय कांग्रेसजनों की बैठक ली।जीतू पटवारी ने देवास जिले के प्रवास के दौरान प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि हर मंगलवार समय मांगता हूं, मैं किसानों के दर्द और उनकी पीड़ा को लेकर आपके पास आना चाहता हूं, लगातार 18 मंगलवार हो गये हैं, पर आप समय नहीं दे रहे हैं। आपने 2700 गेहूं, 3100 धान, 6000 सोयाबीन और 24 घंटे बिजली देने का किसानों से वादा किया था। मप्र के 80 प्रतिशत किसान आज कर्ज में है। पूरे देश में सिंधु वॉडर



पर एमएसपी की गांरटी को लेकर किसानों की हड़ताल चल रही है। शिवराज जी आप फोटो सेसन करते हैं, प्रदेश में झूठ बालेकर गये और अब देश में झूठ बोल रहे हैं। अब दिल्ली के चुनाव में भी किसानों से झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कमलनाथ सरकार द्वारा किसानों की ऋणमाफी योजना को आपने अधूरी क्यों छोड़ दी? शिवराज जी, वॉडर पर जो किसान मर रहे हैं उनकी सुध ले। शिवराज जी अगले मंगलवार के दिन मिलने का समय दें। पटवारी ने कहा कि संसद में अमित शाह ने बाबा साहेब का जो अपमान किया, मखौल और उनका मजाक उड़ाया यह देश के संविधान के साथ मजाक है, उस वर्ग के साथ भद्दा मजाक हैं जो बाबा साहेब को अपना भगवान मानता है। वीडी शर्मा की संक्षिप्त सोच, मीडिया का उपयोग करके अपने पापों को छुपाना भाजपा की ओछी मानसिकता का परिचायक है। भाजपा अपने काले कारनामों को छुपाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा उल्टे-सीधे फोटो बनाकर जनता को भ्रमित करती है, पर जनता सब जानती है। अमित शाह को देश की जनता से माफी मांगना ही पड़ेगी।जीतू पटवारी ने अपने प्रवास के दौरान कांग्रेसजनों से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर के विचारों को घर-घर तक पहुंचाने का आव्हान किया। साथ ही पटवारी ने प्रदेश के एक-एक कार्यकर्ता से आव्हान किया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की अगुवाई में संविधान की रक्षा के लिए आगामी 27 जनवरी को अंबेडकर जी की जन्मस्थली महूं से प्रांरभ होने वाले जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

## व्यापार समाचार

## मार्क जुकरबर्ग का बड़ा फैसलाः मेटा में बड़े स्तर पर होगी छंटनी, 3500 से ज्यादा लोगों की जाएगी नौकरी

सैन फ्रांसिस्को ,(आरएनएस)। फेसबुक (Facebook), व्हाट्सएप (Whatsapp) और इंस्टाग्राम (Instagram) की पैरेंट कंपनी मेटा ने अपने करीब 3600 कर्मचारियों को नौकरी (Jobs) से निकालने का फैसला कर लिया है। कंपनी ने अपने इंटरनल मेमो (Internal memo) में इस बात का जिक्र किया है। इन सभी कर्मचारियों को उनकी खराब वर्क परफॉर्मेंस (Poor work performance) के कारण बाहर किया जाएगा। हालांकि इनकी जगह पर नये लोगों की हायरिंग की जाएगी। मार्क जकरबर्ग (mark zuckerberg) के इस फैसले से कंपनी के महज 5 फीसदी कर्मचारी ही प्रभावित होंगे।सितंबर के आंकड़ों के मुताबिक, मेटा में करीब 72,400 कर्मचारी काम करते हैं। मार्क जकरबर्ग ने इस फैसले का बचाव करते हुए कहा कि बेहतर टैलेंट मिलेगा और नए लोग कंपनी से जुड़ सकेंगे। अमेरिकी कंपनियों में परफॉर्मेंस के आधार पर छंटनी एक सामान्य प्रक्रिया है। पिछले हफ्ते माइक्रोसॉफ्ट ने भी अपने वर्कफोर्स से 1 फीसदी लोगों की छंटनी की थी। ये सभी लोग खराब परफॉर्मेंस वाली लिस्ट में शामिल थे।

मेटा में ले-ऑफ की बात डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से कुछ दिन पहले ही सामने आई है। पिछले कुछ समय से मार्क जकरबर्ग की रिपब्लिकन नेताओं से नजदीकी बढ़ रही है। ट्रंप के साथ डिनर मीटिंग और मेटा के पब्लिक अफेयर्स हेड के तौर पर रिपब्लिकन को शामिल करना इसी नजदीकी के कारण है।

## सी-डॉट ने 6जी रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी दिल्ली के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) ने बेसिक डिवाइस और कम्पोनेंट्स के डेवलपमेंट के जरिए 6जी रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी दिल्ली के साथ साझेदारी की है। दूरसंचार विभाग के प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र सी-डीओटी ने 6जी के लिए टीएचजेड कम्युनिकेशन फ्रंट एंड्स के लिए बिल्डिंग ब्लॉक्स के विकास के लिए आईआईटी दिल्ली के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।संचार मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, दूरसंचार विभाग के दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास कोष (टीटीडीएफ) प्रस्ताव के लिए 6जी कॉल के तहत समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

बयान के अनुसार, यह प्रपोजल कॉल 6जी इको-सिस्टम विकसित करने पर 'तेजी से रिसर्च' करने को लेकर है, जो भारत 6जी विजन के हिस्से के रूप में 6जी नेटवर्क टेक्नोलॉजी को डिजाइन, डेवलप और स्थापित करने के लिए है। यह हाई-क्वालिटी लिविंग एक्सपीरियंस के सर्वव्यापी बुद्धिमान और सुरक्षित कनेक्टिविटी प्रदान करता है।

इस परियोजना का उद्देश्य बेसिक डिवाइस और कंपोनेंट्स को डेवलप करना है जो 6जी कम्युनिकेशन के लिए टीएचजेड सिस्टम के साथ-साथ मिलिट्री कम्युनिकेशन जैसे दूसरे टीएचजेड सिस्टम के लिए आवश्यक हैं।

भारत में चिप निर्माण सुविधाओं की स्थापना के हालिया कार्यक्रम के साथ इस परियोजना को शुरू किया जा रहा है। आईआईटी दिल्ली की सुविधाओं में कुछ कोर कंपोनेंट्स को डेवलप करने के लिए कोलकाता के एसएएमईईआर (सोसाइटी फॉर एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एंड रिसर्च) के साथ सहयोग किया जाएगा।यह प्रोडक्शन लेवल पर टीएचजेड कंपोनेंट्स के निर्माण को निर्बाध रूप से आगे बढ़ाएगा। सी-डीओटी इस परियोजना के लिए कार्यान्वयन एजेंसी है।सी-डीओटी के सीईओ डॉ. राजकुमार उपाध्याय के अनुसार, यह इनोवेशन को बढ़ावा देने और कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी में प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर भारत 6जी विजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सी-डीओटी टीम ने पहली बार पूरी तरह से भारत के भीतर 6जी संचार के लिए माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक टीएचजेड कंपोनेंट्स को डेवलप करने के इस प्रयास के लिए अपनी प्रतिबद्धता और समर्थन व्यक्त किया।

# हल्दीराम को खरीदने की दौड़ में शामिल पेप्सिको

### सीधे प्रमोटर अग्रवाल फैमिली से चर्चा कर रहे

मुंबई (ए.)। स्नैक्स और मिठाइयां बनाने वाली दिग्गज कंपनी हल्दीराम में हिस्सेदारी खरीदने को होड़ दिलचस्प होती जा रही है। अमेरिकी दिग्गज कंपनी पेप्सिको भी हल्दीराम को खरीदने की दौड़ में शामिल हो गई है। सूत्रों के मुताबिक कंपनी के अधिकारी हल्दीराम स्नैक्स फूड में हिस्सेदारी खरीदने के लिए सीधे प्रमोटर अग्रवाल फैमिली से चर्चा कर रहे हैं। पेप्सिको के अलावा सिंगापुर की कंपनी टेमासेक और अल्फा वेव ग्लोबल भी हल्दीराम में हिस्सेदारी खरीदने की होड़ में शामिल हैं। इन दोनों कंपनियों ने हल्दीराम में 10-15 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए ऑफर दिया है।

सूत्रों के मुताबिक न्यूयॉर्क में पेप्सिको हेडक्वार्टर के अधिकारियों ने हाल के दिनों हल्दीराम में माइनोरिटी स्टेक खरीदने के लिए




अग्रवाल परिवार के सदस्यों के साथ सीधे बात की है। हालांकि बातचीत अभी शुरुआती स्तर पर है और संभव है कि यह अंजाम तक न पहुंचे। माना जा रहा है कि अगर यह डील आगे बढ़ती है, तब इसमें फंडिंग भी अमेरिका की मूल कंपनी करेगी। पेप्सिको की भारतीय यूनिट की इसमें ज्यादा भूमिका नहीं है। अग्रवाल फैमिली 85,000-90,000 करोड़ रुपये की वैल्यूएशन की उम्मीद कर रही है।

लेज चिप्स, कुरकुरे नमकीन स्नैक्स और डोरिटोस नाचो चिप्स बनाने वाली कंपनी पेप्सिको को भारतीय स्नैक्स बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय कंपनियों और डायरेक्ट टू कंज्यूमर कंपनियों की संख्या में काफी तेजी आई है। इसमें हल्दीराम, बीकानेरवाला, बालाजी और लिस्टेड कंपनियों बीकाजी फूड्स, गोपाल स्नैक्स और प्रताप स्नैक्स शामिल हैं। साथ ही एथनिक स्नैक्स कंपनियों की भी बाजार में भरमार है। इनमें से ज्यादातर की कीमत जाने-माने ब्रांड्स के कम है। वे डायरेक्ट डिस्ट्रीब्यूशन करते हैं और रिटेलर्स को ज्यादा लाभ देते हैं।

## अदाणी ग्रुप के शेयरों में लगातार दूसरे दिन तेजी, अदाणी ग्रीन एनर्जी 7 प्रतिशत चढ़ा

मुंबई (आरएनएस)। अदाणी ग्रुप के शेयरों में लगातार दूसरे दिन तेजी देखी जा रही है। इस तेजी का नेतृत्व ग्रुप के पावर शेयर कर रहे हैं। बुधवार के अब तक के कारोबार में अदाणी ग्रीन एनर्जी ने 7.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,080 रुपए प्रति शेयर और अदाणी पावर ने 6.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 571.90 रुपये प्रति शेयर का डे हाई बनाया है।




दोपहर 1 बजे पर अदाणी ग्रीन एनर्जी और अदाणी पावर क्रमश 3.76 प्रतिशत और 2.94 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। इस हफ्ते अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर करीब 16 प्रतिशत और अदाणी पावर का शेयर करीब 20 प्रतिशत चढ़ चुका है। अदानी ग्रीन एनर्जी में यह उछाल इसकी सहायक कंपनी अदाणी रिन्यूएबल एनर्जी फोर्टी एट लिमिटेड द्वारा खावड़ा प्रोजेक्ट में 57.2 मेगावाट पवन ऊर्जा यूनिट चालू किए जाने के बाद आया है इस प्लांट के चालू होने के साथ ही कंपनी की कुल ऑपरेशनल रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन क्षमता बढ़कर 11,666 मेगावाट हो गई है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आया बदलाव

नई दिल्ली (ए.)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड) की कीमतों में उतार-चढ़ाव से घरेलू बाजार में भी बुधवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव आया है। इस दौरान डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमतों में 0.03 फीसदी करीब 0.02 डॉलर की बढ़त रही और यह 77.52 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गयीं जबकि ब्रेंट क्रूड की कीमतें 0.06 फीसदी तकरीबन 0.05 डॉलर नीचे आकर 79.87 डॉलर प्रति बैरल रहीं। इससे घरेलू बाजार में भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर प्रभाव पड़ा है। कुछ शहरों में तेल की कीमतें घट गई हैं, वहीं कुछ स्थानों पर बढ़ी हैं। गुरुग्राम में पेट्रोल की कीमतें 21 पैसे कम होकर 95.04 रुपये और डीजल 20 पैसे नीचे आकर 87.90 रुपये प्रति लीटर हो गया। वहीं उड़ीसा के भुवनेश्वर में पेट्रोल की कीमत 28 पैसे घटकर 101.11 रुपये और डीजल 27 पैसे सस्ता होकर 92.69 रुपये प्रति लीटर हो गया है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी पेट्रोल 8 पैसे सस्ता होकर 94.61 रुपये और डीजल 10 पैसे घटकर 87.71 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

## भारत में अप्रिलिया अगले महीने लांच करेगी ट्यूनो 457

नई दिल्ली (ए)। भारत में अप्रिलिया द्वारा अगले महीने ट्यूनो 457 को लॉन्च किया जाएगा।इसे काफी अलग स्टाइलिंग में पेश किया जाएगा। ट्यूनो 457 में 12.7 लीटर का फ्यूल टैंक दिया जाएगा। इस मॉडल को पहली बार ईआईसीएमए 2024 में दिखाया गया था।मैकेनिकल पार्ट की बात करें तो इसमें 457सीसी पैरेलल-ट्विन इंजन दिया, जो 47.6 एचपी और 43.5 एनएम का उत्पादन करेगा।

इसे स्लिप-असिस्टेड क्लच के साथ 6-स्पीड गियरबॉक्स के साथ जोड़ा गया है। एक वैकल्पिक एक्सेसरी के रूप में



एक द्वि-दिशात्मक क्विकशिफ्टर उपलब्ध होगा। टुओनो 457 में आरएस 457 के इलेक्ट्रॉनिक सूट भी शामिल किया गया है। राइवल्स के मामले में अप्रिलिया टुओनो 457 का मुकाबला केटीएम 390 डयूक और यामाहा एमटी-03 से होगा। जबकि आरएस 457 की कीमत 4.20 लाख रुपये (एक्स-शोरूम, भारत) है।

इसकी कीमत 4 लाख रुपए से कम होने की उम्मीद है। इसके अलावा इसमें ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ 5 इंच का टीएफटी डिस्प्ले और 3 राइडिंग मोड शामिल किए हैं जो एबीएस, ट्रैक्शन कंट्रोल और थ्रॉटल सेंसिटिविटी को एडजस्ट करते हैं। इसमें दो कलर ऑप्शन - लाल और ग्रे उपलब्ध होंगे।

# भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 वैश्विक ऊर्जा संवाद को पुन : परिभाषित करेगा

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत सरकार का प्रमुख ऊर्जा कार्यक्रम भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 (आईईडब्ल्यू 2025) 11 से 14 फरवरी, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय पेट्रोलियम उद्योग महासंघ (एफआईपीआई) इसका आयोजन यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में करेगा। इससे पहले भारत ऊर्जा सप्ताह को दो बार उल्लेखनीय सफलता के साथ आयोजित किया जा चुका है। इस वर्ष के ऊर्जा कैलेंडर का पहला प्रमुख वैश्विक आयोजन, आईईडब्ल्यू 2025, वर्ष का सबसे व्यापक और समावेशी वैश्विक ऊर्जा सम्मेलन होगा। वर्ष 2023 में आरंभ होने के बाद से, भारत ऊर्जा सप्ताह लगातार वैश्विक तौर पर अपनी उपयोगिता दर्ज करा रहा है। आईईडब्ल्यू 2025 ने अपने महत्व से अन्य अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा आयोजनों को पीछे छोड़ दिया है। इस वर्ष का आयोजन पिछले आयोजनों की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण है, जिसमें भागीदारी में बढ़ोतरी और गहन चर्चाएँ शामिल हैं। इस वर्ष इसे संबोधित करने वाले वक्ताओं में उल्लेखनीय तौर पर प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू ऊर्जा कंपनियों के लगभग 70 मुख्य कार्यकारी अधिकारियों सहित वरिष्ठ विशेषज्ञ शामिल हैं, जो इस आयोजन के बढ़ते वैश्विक महत्व को दर्शाता है। इस वर्ष आईईडब्ल्यू का आयोजन पहले से कहीं अधिक व्यापक होगा और अद्वितीय वैश्विक भागीदारी युक्त होगा, जिसमें उन्नत अर्थव्यवस्थाओं, सबसे बड़े ऊर्जा उत्पादकों और प्रमुख विकासशील देशों के 20 से अधिक ऊर्जा मंत्री और उप मंत्री शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख और दुनिया की कुछ सबसे बड़ी फॉर्च्यून 500 ऊर्जा कंपनियों के 90 मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी शामिल होंगे, जिनमें बीपी, टोटलएनर्जीस, कतरएनर्जी, एडीएनओसी, बेकर ह्यूजेस और विटोल समूह शामिल हैं। आईईडब्ल्यू 2025 में सात प्रमुख विषयों (सहयोग, स्थिति अनुकूलन, परिवर्तन, क्षमता, डिजिटल फ्रंटियर्स, नवाचार और नेतृत्व) को शामिल किया गया है, जिसमें डीकार्बनाइजेशन (कोयला, तेल, या प्राकृतिक गैस जैसे जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को कम करके, जल्द से जल्द नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर होना), ऊर्जा इक्विटी (सबको स्वच्छ ऊर्जा उपलब्धता) और कम कार्बन अर्थव्यवस्था (एक ऐसी अर्थव्यवस्था, जो उतनी ही ग्रीनहाउस गैस को अवशोषित करती है, जितनी उत्सर्जित करती है) के लिए व्यावहारिक समाधानों पर अधिक जोर दिया जाएगा। 2024 में हुए इसके आयोजन में 18 श्रेणियों की तुलना में इस वर्ष 20 विषयगत श्रेणी शामिल किए गए हैं। जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटलीकरण और समुद्री डीकार्बोनाइजेशन जैसे अत्याधुनिक मुद्दों पर व्यापक ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सम्मेलन के संरचित चरण ऊर्जा अनुकूलन और हरित ऊर्जा परिवर्तन के भारत के ऊर्जा स्वतंत्रता और डीकार्बनाइजेशन के दोहरे लक्ष्यों के साथ पूरी तरह संरेखित है और वैश्विक और राष्ट्रीय एजेंडा दोनों के लिए प्रासंगिक है। इस सम्मेलन में 120 देशों के 70,000 से अधिक प्रतिनिधियों और 700 से अधिक प्रदर्शकों के 8 विषयगत क्षेत्रों में भाग लेने की संभावना है। आयोजन में अमरीका, ब्रिटेन, जर्मनी, इटली, जापान, रूस सहित 10 देशों के मंडप लगाए जाएँगे। यह प्रमुख आयोजन वैश्विक ऊर्जा संवाद पर व्यापक विमर्श-चर्चा, सफल प्रौद्योगिकियों के प्रदर्शन और सतत ऊर्जा भविष्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने का प्रमुख मंच बनेगा। आईईडब्ल्यू 2025 में शोध पत्र प्रस्तुत किए जाने के लिए भेजे गए संक्षिप्त सार में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि वक्ताओं की भी भागीदारी में 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो उद्योग नवाचार के मंच के रूप में आईईडब्ल्यू की बढ़ती हुई प्रतिष्ठा को दर्शाता है। अब इसके सत्रों में भविष्य के स्वच्छ ऊर्जा उपायों, ग्रिड-स्केल ऊर्जा भंडारण और मीथेन गैस कम करने की प्रौद्योगिकियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

### पूर्वोत्तर की चिंताओं पर केन्द्र को गौर करना चाहिए

केंद्र को पूर्वोत्तर की चिंताओं पर गौर करना चाहिए। उचित यह होगा कि चीन से इस मुद्दे पर सीधी बात की जाए। चीन भी नदी जल बंटवारे संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधियों से बंधा हुआ है। उससे इस बारे में ठोस आश्वासन मांगा जाना चाहिए।चीन के ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने के एलान से पूर्वोत्तर भारत, और यहां तक कि बांग्लादेश में भी चिंता पैदा हुई है। आशंका है कि कभी हादसा होने से बांध टूटा, तो पूरा पूर्वोत्तर डूब जाएगा। साथ ही तनाव के हालात में चीन ब्रह्मपुत्र पानी भी रोक सकता है। ब्रह्मपुत्र नदी चीन में यारलुंग सांगपो नाम से जानी जाती है। अरुणाचल प्रदेश में इसे सियांग नाम से जाना जाता है।असम पहुंचने पर उसका नाम ब्रह्मपुत्र हो जाता है। ब्रह्मपुत्र की कुल लंबाई करीब 2,880 किलोमीटर है। इसका 1,625 किलोमीटर हिस्सा चीन के तिब्बत में है।भारत में 918 और बांग्लादेश में 337 किमी इलाके में ये नदी बहती है। पर्यावरणविदों ने ध्यान दिलाया है कि चीन की ओर से अतिरिक्त पानी छोडने् की वजह से हाल के वर्षों में अरुणाचल में तीन बार भयावह बाढ़ आ चुकी है।इसके अलावा इलाके में पहले कई अन्य प्राकृतिक आपदाएं हो चुकी हैं। वर्ष 2000 में यारलुंग सांगपो की सहायक नदी ईगोंग सांगपो में भूकंप के कारण बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ था।इससे अरुणाचल प्रदेश और असम में भयावह बाढ़ आई, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हुआ। ऐसी घटनाएं बाद में भी हुई हैं। इस कारण ताजा खबर आने के बाद से पूरे इलाके में चिंता गहराने की खबरें हैं।अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा है कि चीन बीते कई वर्षो से अरुणाचल से सटे सीमावर्ती इलाकों में बड़े पैमाने पर आधारभूत ढांचे का निर्माण कर रहा है। उन्होंने इस मुद्दे पर बातचीत की जरूरत बताई। केंद्र सरकार को ऐसी चिंताओं पर तुरंत गौर करना चाहिए। अब चूंकि चीन से द्विपक्षीय वार्ता फिर शुरू हो चुकी है, इसलिए उचित यह होगा कि चीन से इस मुद्दे पर सीधी बात की जाए।चीन भी नदी जल बंटवारे संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधियों से बंधा हुआ है। उससे इस बारे में ठोस आश्वासन मांगा जाना चाहिए।भारत सरकार के लिए उचित होगा कि वह अंतरराष्ट्रीय संधियों के उपयुक्त प्रावधानों का उल्लेख इस सिलसिले में करे। संभव हो, तो बांग्लादेश को भी शामिल कर त्रिपक्षीय वार्ता के लिए पहल की जानी चाहिए।

# आप के लिए चुनौतियां कठिन

**अवधेश कुमार**

दिल्ली विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। यहां मतदान 5 फरवरी को होगा और नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। वैसे चुनाव कार्यक्रम घोषित होने से काफी पहले ही चुनाव अभियान चरम पर पहुंच चुका था।


2014 के बाद दिल्ली की राजनीति आप बनाम भाजपा के बीच दो ध्रुवीय हो गई है। इसके पूर्व भाजपा और कांग्रेस ही मुख्य पार्टियां होती थीं। 2013 से कांग्रेस का पतन आरंभ हुआ और पिछले दो विधानसभा चुनाव से वह शून्य पर है। भाजपा भी 1998 से सत्ता से बाहर है। भाजपा सत्ता में आना चाहती है तो कांग्रेस भी दिल्ली की मुख्यधारा में वापसी की कोशिश में है।

प्रश्न है कि क्या इस बार पिछले दो विधानसभा चुनावों से अलग परिणाम आएगा? क्या सत्ता परिवर्तित होगी? क्या दिल्ली की राजनीति तीन ध्रुवीय होगी? पिछले चुनाव तक कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की नीति किसी तरह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्ता में आने से रोकना था। इसके लिए वह हर तरह का समझौता कर रही थी। लोक सभा चुनाव में आप के साथ सीटों पर समझौता भी हुआ। कांग्रेस ने रणनीति बदली और वाकई दिल्ली में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है। बावजूद कुछ समय पूर्व लगता था कि आप तीसरी बार एकपक्षीय जीत प्राप्त कर सकती है। चुनाव या किसी संघर्ष में प्रतिद्वंद्वी को पराजित करने का सबसे बड़ा सूत्र आक्रामक होना है यानी आक्रामक होकर प्रतिद्वंद्वी को उत्तर देने तक सीमित रख दीजिए। केजरीवाल ने लगातार ऐसी घोषणाएं कीं जिससे भाजपा के सामने उत्तर देने का विकल्प दिखता था। भाजपा और कांग्रेस, दोनों केजरीवाल की घोषणाओं का तथ्यात्मक खंडन करती रहीं, उनकी विसनीयता को भी अतीत के आधार पर




प्रश्नों के घेरे में लाती रहीं लेकिन ऐसा नहीं था कि एजेंडा भाजपा तय कर रही हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव मैदान में उतरने तथा उम्मीदवारों की सूची जारी होने के साथ स्थिति बदलती दिख रही है। केजरीवाल की सबसे बड़ी ताकत मुफ्त की घोषणाएं रही हैं। इस बार उनका सबसे बड़ा दांव मंदिरों के पुजारियों और गुरु द्वारों के ग्रंथियों को 18 हजार रुपया मासिक वेतन देने की घोषणा है। इसके पहले महिला सम्मान योजना 2100 रुपया तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए निएवं सार्वजनिक अस्पतालों में निशुल्क उपचार की संजीवनी योजना घोषित की। इस समय मुस्लिम मतदाताओं की राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का समर्थन करने की प्रवृत्ति उभरी है। कांग्रेस की आक्रामकता देखकर आप को लग रहा है कि दिल्ली के 11-12 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता उसके पास गए तो समस्या बढ़ जाएगी। दूसरे, केजरीवाल को समझ आ गया है कि देश में हिन्दुत्व राजनीति का मुख्य निर्धारक विचारधारा के रूप में बना रहेगा। इसका ध्यान रखते हुए उन्होंने पुजारियों और ग्रंथियों के वेतन की घोषणा कर दी तथा भाजपा द्वारा प्रश्न उठाने के बाद कहा कि वह बताए कि इसके पक्ष में है या नहीं? वे पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन देना चाहते हैं, या नहीं? यह ऐसा प्रश्न था जिसका स्पष्ट उत्तर देना किसी भी पार्टी के लिए कठिन है। केजरीवाल के बोलने, लोगों को लुभाने की चतुर शैली का उत्तर किसी पार्टी के लिए देना कठिन रहा है।भाजपा का पुजारी प्रकोष्ठ दिल्ली में अत्यंत सक्रिय है, और उनके कारण पार्टी की ताकत भी बढ़ी है। केजरीवाल ने इसी पर चोट करने के रणनीति अपनाई और नहीं कहा जा सकता कि इसका असर नहीं हुआ। लालच किसी को भी डिगा सकता है। इमामों को 18 महीने से वेतन न मिलने का मामला भले ही कांग्रेस या दूसरे विरोधियों के लिए केजरीवाल को कठघरे में खड़ा करने का आधार हो, आप हिन्दुत्व समर्थकों के बीच संदेश देने की रणनीति अपना रही है कि हम घोषणा के बावजूद उनको वेतन दे नहीं रहे और केवल पुजारियों और ग्रंथियों को देंगे। सार्वजनिक रूप से न बोलते हुए भी जमीन पर ऐसा प्रचार देखा जा सकता है। भाजपा शायद इस रणनीति को आरंभ में नहीं समझ पाई। बावजूद आप और केजरीवाल के लिए यह चुनाव 2015 और 2020 से गुणात्मक रूप से काफी भिन्न और बड़ी चुनौतियों वाला है। भाजपा ने जैसे उम्मीदवार उतारे हैं, उनसे पिछले दो विधानसभा चुनावों के विपरीत लगता है कि वह जीतने के लिए लड़ रही है। केजरीवाल के विरु द्ध प्रवेश वर्मा तथा मुख्यमंत्री आतिशी के विरुद्ध रमेश बिधूड़ी को उतारना इसका प्रमाण है। कांग्रेस की ओर से संदीप दीक्षित केजरीवाल को चुनौती दे रहे हैं, और पार्टी ने अच्छे उम्मीदवार उतारे हैं यानी दोनों पार्टियां केजरीवाल को किसी भी तरह पराजित करना चाहती हैं। उच्चतम न्यायालय ने जमानत में केजरीवाल के साथ शर्त लगाई हुई है कि वे मुख्यमंत्री रहें भी तो न सचिवालय जाएंगे, न कैबिनेट की बैठक बुलाएंगे और न फाइल पर हस्ताक्षर करेंगे।कांग्रेस और भाजपा लोगों के समक्ष रख रही हैं कि केजरीवाल मुख्यमंत्री के रूप में काम ही नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री मोदी ने आप सरकार को कट्टर बेईमानों की सरकार कहा तो इस बार दिखाने के लिए शराब नीति घोटाले से लेकर बिजली-पानी व्यवस्था, शिक्षा आदि में भ्रष्टाचार के आरोप और उनके प्रमाण हैं। शराब नीति में भ्रष्टाचार के आरोप में स्वयं केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और उनके साथी जेल जा चुके हैं, और जमानत पर बाहर हैं।

आप का एक वर्ग महसूस कर रहा है कि ईमानदारी और शुचिता के वादे के विपरीत हमारे लोगों ने शराब नीति में भ्रष्टाचार किया है। दूसरे, आप सरकार के कार्यकाल में दिल्ली की सड़कें ध्वस्त हो चुकी हैं। दिल्ली के फुटओवर ब्रिज खतरे की ओर बढ़ रहे हैं, न किसी की 10 सालों में मरम्मत हुई और न पेंटिंग।




*बसपा सुप्रीमो मायावती लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में अपने जन्मदिन समारोह के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करती हुई.*

# सहकारिताः एक सतत और समावेशी वैश्विक भविष्य की कुंजी

**मुरलीधर मोहोल**

हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) का वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024, सौ से अधिक देशों से आए वैश्विक नेताओं की एक सभा मात्र न होकर कहीं अधिक मायने रखता है; यह एक सतत एवं न्यायसंगत भविष्य को आकार देने में सहकारी समितियों के बढ़ते महत्व का प्रमाण है। सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ किया, जो एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है जिसका मूल उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यानाकर्षित कराना है। यह वर्ष वैश्विक, आर्थिक और सामाजिक विमर्श का वह महत्वपूर्ण अध्याय बन रहा है, जहाँ सहकारी समितियों को न केवल स्थानीय विकास के साधन बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में भी पहचान दी जा रही है।

### सहकारी मॉडलः आस्तित्व में समुदायिक पर वैश्विक बदलाव के लिए तैयार

सहकारी मॉडल के मूल में एक सरल लेकिन शक्तिशाली अवधारणा निहित है - परस्पर लाभ के लिए एक साथ काम करते लोग। सहकारिता सामूहिक स्वामित्व, साझा जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक निर्णय लेने पर जोर देती है। इन सिद्धांतों ने दुनिया भर में कृषि, स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सेवाओं से लेकर ऊर्जा उत्पादन तक उल्लेखनीय सफलताएँ दिलाई हैं।

भारत में, सहकारी समितियाँ ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं । उदाहरण के लिए, अमूल ने न केवल भारत को दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना दिया है, बल्कि सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भरता और समृद्धि का प्रतीक भी बन गया है। अमूल जैसी डेयरियां उन सभी महिलाओं को सशक्त बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिला नेतृत्व वाले विकास का समर्थन करती हैं, जो महिलाएं व्यावसायिक दूध उत्पादक के लिए ऐसी समितियों से जुड़ी हुई हैं। अपने सहकारी मॉडल के माध्यम से ये सहकारी समितियाँ नेतृत्व की भूमिकाएँ, कौशल विकास और वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं, जिससे महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिलती है और अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका और मजबूत होती है।

### सहकारी मॉडल को बढ़ावा देने में भारत का नेतृत्व

भारत ने लंबे समय से आर्थिक परिवर्तन और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में सहकारी समितियों के मूल्य को पहचाना है। नई दिल्ली में आयोजित आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति ने सहकारी आंदोलन के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को उजागर किया है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के शुभारंभ के दौरान उनके संबोधन ने एक आत्मनिर्भर, समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सहकारिता की भूमिका को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण ने हाशिए पर पड़े समुदायों को सशक्त बनाने की सहकारी क्षेत्र की क्षमता पर भी प्रकाश डाला, खासकर ग्रामीण भारत में, जहाँ सहकारी समितियाँ, कृषि और डेयरी फार्मिंग जैसे क्षेत्रों की रीढ़ बनी हुई हैं। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार ने सहकारी क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। सरकार द्वारा सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए लिए जा रहे कदम इस मान्यता को उजागर करते है कि सहकारी समितियाँ केवल अतीत की निशानी नहीं हैं, बल्कि समकालीन आर्थिक और सामाजिक विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

### सहकार से समृद्धि का विजनः भारत के सहकारी क्षेत्र का आधुनिकीकरण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन ने देश के सहकारी परिदृश्य को नया आयाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनके कुशल दिशानिर्देशों में, भारत एक आधुनिक सहकारी ढांचे की ओर बढ़ रहा है जो डिजिटल अर्थव्यवस्था की मांगों के अनुरूप है। सहकारी समितियों की पहुँच और प्रभावशीलता का विस्तार करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की प्रधानमंत्री और सहकारिता मंत्री की सोच तेसे डिजिटल होती दुनिया में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। सहकारी समितियों का भविष्य, बदलते समय के साथ इनके विकसित होने, और दक्षता में सुधार के लिए आधुनिक उपकरणों को समाहित करने की उनकी क्षमता में निहित है।

### वैश्विक एजेंडाः सहकारिता और सतत विकास लक्ष्य

विश्व जब आर्थिक असमानता, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक अशांति से जूझ रहा है, तो सहकारिता, विकास के लिए एक वैकल्पिक मॉडल पेश करती है जोकि समावेशी, लोकतांत्रिक और लचीला है। सहकारी मॉडल का जोर एकजुटता, आपसी सहयोग और लोकतांत्रिक भागीदारी पर है, जो इसे प्रमुख वैश्विक समस्याओं को संबोधित करने के लिए अद्वितीय बनाता है। सहकारी समितियां वित्तीय लाभ से अधिक लोगों की प्राथमिकताओं पर जोर देती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आर्थिक गतिविधियों के लाभ और व्यापक रूप से वितरित हो सके, जिससे वंचित सशक्त बनें और सामाजिक अंतर को कम करने में मदद मिले। सहकारिता आंदोलन को सतत विकास लक्ष्यों के साथ जोड़कर भारत ने खुद को सतत और समावेशी विकास के लिए वैश्विक अधिवक्ता के रूप में स्थापित किया है।




मेष राशिः आज आपके लिए दिन पॉज़िटिव रहने वाला है। आज आपका पारिवारिक मामला किसी बड़े बुजुर्ग की सहायता से सुलझ जाएगा। आज नियमित कार्यों के अतिरिक्त कुछ और जानकारियां हासिल करने में भी समय बीतेगा। सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति और विचार सराहनीय रहेंगे। कुछ लोग प्रतिस्पर्धा की भावना से आपके प्रति अफवाह फैला सकते हैं। लेकिन इन गतिविधियों का आपके मान-सम्मान पर प्रभाव नहीं पड़ेगा।

वृष राशिः आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे। आज व्यवसाय में मुनाफा दायक स्थिति बन रही है। आज किसी प्रोजेक्ट को लेकर ऑफिशियल यात्रा संभव है। आज पारिवारिक व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श करेंगे। आपसी सामंजस्य द्वारा परिस्थितियों को संभालने का प्रयास करेंगे।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज ऑफिस में आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे आपको सफलता मिलेगी। आज कुछ खास लोगों से मुलाकात का अवसर मिलेगा और रुका काम भी व्यवस्थित होगा। आज घर परिवार संबंधी समस्याओं को सुलझाने में सफल रहेंगे। अगर आपका कहीं पैसा अटका हुआ है तो आज उसकी वसूली करने का भी उचित दिन है।

कर्क राशिः आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज दिन भर सकारात्मक और अनुशासित दृष्टिकोण आपको खुश रखेगा। स्वयं की सूझबूझ से लिए गए निर्णय के उचित परिणाम हासिल होंगे। विद्यार्थियों को इंटरव्यू या करियर से संबंधित क्षेत्र में सफलता मिलने की पूरी संभावना है।

सिंह राशिः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बिजनेस के लिए दिन अच्छा है। आज रियल स्टेट में फायदेमंद डील फाइनल हो सकती है। ऑफिस के कार्यभार की अधिकता की वजह से ओवर टाइम भी करना पड़ सकता है। घर का वातावरण मधुर और खुशनुमा बना रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ भावनात्मक नजदीकियां बनाने में आपका प्रयास जरूरी है। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

कन्या राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। आज आप इसकी तैयारी में व्यस्त रहेंगे। आज आप अपने जीवन में किसी प्रकार का बड़ा निर्णय लेना चाहते हैं, परंतु कुछ उलझनों के कारण आप नहीं ले पाएंगे। कविता लिखने के शौक़ीन लोगों को आगे बढ़ने का प्लेटफार्म किसी दोस्त की मदद से मिलेगा।

तुला राशिःआज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज अच्छी खबर आपको मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे उनके मन की बातों को समझेंगे। काफी समय से आपके रिश्ते की बात चल रही थी वो जल्द पक्की होगी। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है जिसे आप निराश नहीं करेंगे। नये प्रॉजेक्ट को पूरा करने में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय है। आज आपको बड़ी सफलता हाथ लग सकती है।

धनु राशिःआज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में अपनापन बढ़ेगा। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढ़ेगा। शिक्षकों के ट्रांसफर की परेशानियां खत्म होंगी। आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। इस राशि के लवमेट की गलतफहमियां खत्म होंगी।

मकर राशिःआज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। खान-पान में लापरवाही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। कानूनी कार्यों के लिए भागदौड़ से थकावट का एहसास होगा। दांपत्य जीवन में आज एक दूसरे को समझकर चलना होगा, इससे गलत फेहमियाँ नहीं होंगी। कारोबार में सुखद बदलाव आयेगा। इस राशि के प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों को समझदारी से तैयारी करनी चाहिए।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अचानक धनलाभ होने के योग बन रहे है। जीवनसाथी के साथ में किसी बात को लेकर मीठी नोक-झोक होगी। पहले दिए हुए किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आज आपके फेवर में आएगा। आज घर के किसी महिला को बड़ी सफलता मिलने के योग हैं। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशिःआज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज आपके स्वास्थ्य में बेहतरी बनी रहेगी। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी।

जमीन जायदाद से जुड़े कार्य प्रगति से आगे बढ़ेंगे। आज परिवार का संपत्ति संबंधित समस्या सुलझ सकता है, जिसमें आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद भी मिलेगी। भाई व बहनों का सहयोग मिलेगा।


# दुनियाँ के स्वर्ग कहे जाने वाले भारत क़े जम्मू कश्मीर में इंजीनियरिंग का चमत्कार - सोनमर्ग टनल व चिनाब रेल ब्रिज तैयार

### जम्मू कश्मीर से लिखी दुनियाँ को हैरान करने वाली गाथा - सोनमर्ग टनल व चिनाब रेल ब्रिज की अद्भुत इंजीनियरिंग पर दुनियाँ ने टेका माथा

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर पृथ्वी लोक का स्वर्ग कहे जाने वाला जम्मू कश्मीर भारत का एक ऐसा क्षेत्र है, जहां हर कोई जाना चाहता है। मेरी भी अभिलाषा है कि मैं एक बार पृथ्वी के इस स्वर्ग कहे जाने वाले जम्मू कश्मीर की वादियों में जाऊं परंतु कनेक्टिविटी जलवायु परिवर्तन, मौसम की मार व सबसे बड़ा डर आतंकवाद का था जिसको कंट्रोल करने 5 अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को संसद के दोनों सदनों में पारित कर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से अनुच्छेद 370 रद्द हो गया व भारत की आन बान शान कहे जाने वाले कश्मीर के विकास के लिए नए अध्याय जोड़ने का क्रम शुरू हो गया है, जिसका नतीजा यह हुआ कि आज सोनमर्ग टनल व चिनाब रेल ब्रिज सबके सामने है।हालांकि इन दोनों सबसे बड़ी परियोजनाओं को 10-20 वर्ष पहले से ही शुरू कर दिया गया था परंतु वर्तमान मैं यह दोनों सेवाएं नागरिकों की सेवार्थ तैयार हैं जिनमें से सोनमर्गटनल का शिलान्यास माननीय पीएम ने 13 जनवरी 2025 को किया है, अब शीघ्र ही चिनाब रेल ब्रिज पर भी यात्रियों को लेकर ट्रेन दौड़ने लगेगी, जो शायद इस जनवरी 2025 की एंडिंग तक होने की संभावना है। चूँकि जम्मू कश्मीर से लिखी दुनियाँ की हैरान करने वाली गाथा, सोनमर्ग टनल व चिनाब रेलवे ब्रिज़ की अद्भुत इंजीनियरिंग पर दुनियाँ में टेका माथा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियाँ का स्वर्ग कहीं जाने वालेभारत क़े जम्मू कश्मीर में इंजीनियरिंग का चमत्कार, सोनमर्ग टनल व चुनाव रेल ब्रिज तैयार।

साथियों बात अगर हम 13 जनवरी 2025 को सोनमर्ग टनल की स्थिति की करें तो, नेशनल हाईवे एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने इस टनल को इंजीनियरिंग का चमत्कार और क्षेत्र के लिए गेम चेंजर बताया है। साथ ही कहा कि यह परियोजना न केवल यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाएगी, बल्कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच सामाजिक व आर्थिक विकास को भी गति देगी। जेड मार्ड टनल के साथ ज़ोजिला टनल का काम 2028 तक पूरा होगा। यह क्षेत्रीय रक्षा रसद और यातायात को सुगम बनाएगी, इससे लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के बीच जुड़ाव और विकास को नई दिशा मिलेगी। टनल के लाभ (1) सोनमर्ग टनल गगनगीर से सोनमर्ग तक निर्बाध यातायात सुनिश्चित




करेगी (2) राष्ट्रीय राजमार्ग-1 पर यात्रा की दूरी 49 किमी से घटकर 43 किमी हो जाएगी। (3) वाहनों की गति 30 किमी/घंटा से बढ़कर 70 किमी/घंटा हो जाएगी। (4) यह टनल क्षेत्र के पर्यटन और व्यापार में तेजी लाने में सहायक होगी टनल का रणनीतिक महत्व (5) सोनमर्ग और गगनगीर को जोड़ने वाली यह टनल 8,650 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और इसमें आपातकालीन स्थिति के लिए 7.5 मीटर चौड़ा समानांतर मार्ग है। ये टनल लद्दाख को पूरे साल सड़क मार्ग से जोड़ने के साथ-साथ देश की रक्षा जरूरतों और क्षेत्रीय विकास में अहम भूमिका निभाएगी। साथियों बात अगर हम दिनांक 13 जनवरी 2025 को माननीय पीएम द्वारा इस अवसर पर किए गए 27 मिनट क़े संबोधन को पांच पॉइंट्स में देखें तो (1) सोनमर्ग टनल से लोगों की जिंदगी आसान होगी पीएम ने 27 मिनट के भाषण में कहा, जम्मू-कश्मीर की लद्दाख की एक और बहुत पुरानी डिमांड आज पूरी हुई है। इससे सोनमर्ग के साथ करगिल और लेह के लोगों की जिंदगी भी बहुत आसान होगी। अब बर्फबारी के दौरान एवलांच से या बरसात में होने वाली लैंड स्लाइड के कारण रास्ते बंद होने की परेशानी कम होगी। (2) टनल बनाने वाले श्रमिक न डिगे, न घर लौटे पीएम मोदी ने कहा- देश की उन्नति के लिए, जम्मू-कश्मीर की उन्नति के लिए जिन श्रमिक भाइयों ने कठिन परिस्थितियों में काम किया, जीवन को संकट में डालकर काम किया, अपनी जान गंवाई, लेकिन संकल्प से डिगे नहीं। श्रमिक साथी डिगे नहीं, किसी ने घर वापस जाने की बात नहीं की। उन्होंने हर चुनौती को पार करते हुए इस काम को पूरा किया है। जिन 7 साथियों को हमने खोया है, मैं आज सबसे पहले उनका स्मरण करता हूं। (3) सोनमर्ग में टूरिस्ट को पंख लगने वाले हैं, आज भारत तरक्की की नई बुलंदी की तरफ बढ़ चला है। हर देशवासी 2047 तक भारत को डेवलप नेशन बनाने में जुटा है। ये तभी हो सकता है, जब हमारे देश का कोई हिस्सा कोई भी परिवार तरक्की से डेवलपमेंट से पीछे न छूटे। इसके लिए ही हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास की भावना के साथ पूरे समर्पण से काम कर रही है। इस टनल से सोनमर्ग समेत पूरे इलाके में टूरिज्म को भी नए पंख लगने वाले हैं। (4) लाल चौक पर लोग अब आइसक्रीम खाते हैं पहले के मुश्किल दिनों को पीछे छोड़कर हमारा कश्मीर धरती का स्वर्ग होने की पहचान वापस पा रहा है। आज लोग रात के समय लाल चौक पर आइसक्रीम खाने जा रहे हैं। चिनाब ब्रिज की इंजीनियरिंग देखकर दुनिया हैरत में है। यहां कुछ दिन पहले पैसेंजर ट्रेन का ट्रायल हुआ। यहां के प्रोजेक्ट्स 42 हजार करोड़ से ज्यादा के हैं। इन पर काम चल रहा है। (5) जम्मू- कश्मीर में गर्मजोशी ऐसी, ठंडक नहीं लगती पीएम नेकहा - ये मौसम, बर्फ, बर्फ की चादर से ढंकी पहाड़ियां देखकर दिल प्रसन्न हो जाता है। यहां आता हूं तो बरसों पहले के दिन याद आने लग जाते हैं। उधर, राज्य के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उम्मीद है जम्मू-कश्मीर के स्टेटहुड का वादा भी पूरा होगा।पीएम ने जेडमोड़ टनलका जायजा लिया। वे खुली जीप में बैठकर टनल देखने गए।पीएम ने जेड मोड़ टनल का जायजा लिया। वे खुली जीप में बैठकर टनल देखने गए।श्रीनगर-लेह हाइवे एनएच-1 पर बनी 6.4 किलोमीटर लंबी डबल लेन का पीएम ने इनॉगरेशन किया।श्रीनगर- लेह हाइवे एनएच -1 पर बनी 6.4 किलोमीटर लंबी डबल लेन का पीएम नेइनॉगरेशन किया।जेड मोड़ टनल के इनॉगरेशन के बाद श्रीनगर-लेह हाइवे पर गगनगीर से सोनमर्ग के बीच एक घंटे की दूरी अब 15 मिनट में पूरी होगी।इसके अलावा गाड़ियों की स्पीड भी 30 किमी/घंटा से बढ़कर 70 किमी/घंटा हो जाएगी। दुर्गम पहाड़ी वाले इस इलाके को क्रॉस करने में पहले 3 से 4 घंटे का समय लगता था। अब यह दूरी मात्र 45 मिनट में पूरी होगी। उमर अब्दुल्ला बोले- मोदी जी जम्मू-कश्मीर को जल्द राज्य का दर्जा दिलवाएंगे इनॉगरेशन कार्यक्रम में शामिल जम्मू-कश्मीर के सीएम ने कहा- जम्मू-कश्मीर में चुनाव हुए और सबसे बड़ी बात ये रही कि कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी की शिकायत नहीं आई, सत्ता के दुरुपयोग की कोई शिकायत नहीं आई।

इसका श्रेय आपको (पीएम को ),आपके सहयोगियों और भारत के चुनाव आयोग को जाता है। मेरा दिल कहता है कि बहुत जल्द आप (पीएम) राज्य का दर्जा बहाल करने का अपना वादा पूरा करेंगे।

## अब 9ए कोटला रोड होगा कांग्रेस मुख्यालय का नया पता ... 252 करोड़ में बने 'इंदिरा भवन' का सोनिया गांधी ने किया उद्घाटन

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस पार्टी के नए मुख्यालय का आज उद्घाटन हो गया है। सोनिया गांधी ने पार्टी के नए दफ्तर का उद्घाटन किया। इसके बाद अब पार्टी का नया पता बदलकर 9 कोटला रोड हो गया है। इससे पहले कांग्रेस का मुख्यालय 24 अकबर रोड पर था। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कई अन्य बड़े नेताओं की उपस्थिति में नए मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया गया। इस दफ्तर को 252 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। कांग्रेस के नए दफ्तर के ग्राउंड फ्लोर पर बाईं तरफ हाई टेक प्रेस कॉन्फ्रेंस रूम तैयार किया गया है। नई इमारत के बिल्कुल बीच में रिसेप्शन है। इमारत के बाईं तरफ कांग्रेस के मीडिया प्रभारी का दफ्तर होगा। इसके साथ ही टीवी डिबेट के लिए छोटे-छोटे साउंडप्रूफ चैंबर बने हुए हैं। इसके बगल में पत्रकारों और कैमरापर्सन के लिए सिटिंग रूम भी बनाए गए हैं।इमारत की पहली मंजिल पर बाईं तरफ विशेष कार्यक्रमों के लिए हाईटेक ऑडिटोरियम बनाया गया है। इसके साथ ही किसान विभाग, डेटा डिपार्टमेंट जैसे कई विभाग बनाए गए हैं। इमारत की दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिलों पर अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के अधिकारियों के ऑफिस होंगे। पांचवी मंजिल पर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी का दफ्तर होगा। इस मंजिल के बीचोबीच कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का ऑफिस होगा।

## मेहंदीपुर बालाजी में एक ही परिवार के 4 शव मिले, मचा हड़कंप; संकट के समाधान के लिए आए थे मंदिर

दौसा (आरएनएस)। मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में अपने संकट के समाधान के लिए आए एक ही परिवार के 4 शव धर्मशाला से बरामद हुए हैं। धर्मशाला का कर्मचारी जब सफाई करने के लिए रूम में पहुंचा तो उसने मौक पर चार शव पड़े देखे, जिसमें दो शव बिस्तर पर तो 2 शव नीचे पड़े हुए थे। धर्मशाला के कर्मचारी की सूचना पर पहुंची टोडाभीम थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

करौली एसपी ब्रजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि कमरे में मृत मिले चारों लोगों की मौत 2 से 3 घंटे पहले ही हुई है। चारों मृतक एक ही परिवार के सदस्य हैं, जिनमें पिता, मां और बेटा, बेटी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में सुरेंद्र कुमार पिता, मां कमलेश, बेटा नितिन, बेटी नीलम के शव मिले हैं। परिवार देहरादून का रहने वाला है। एसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामले में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। पुलिस द्वारा हर एंगल को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। संभावना है कि चारों ने सामूहिक रूप से आत्महत्या किया है। घटना की सूचना पर पहुंचे टोडाभीम थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा और स्थानीय चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने मौके का जायजा लिया। साथ ही साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया है।

## रूसी सेना में फंसे भारतीयों को जल्द रिहा करो, एक और मौत पर भड़का विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली (आरएनएस)। यूक्रेन में चल रहे संघर्ष में एक और भारतीय नागरिक की जान चली गई है, जिसके बाद भारत सरकार ने रूस से उसकी सेना में सेवा दे रहे सभी भारतीय नागरिकों की तत्काल रिहाई की मांग की है। इस युद्ध में अब तक दस भारतीय नागरिकों की जान जा चुकी है। विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि केरल के 31 वर्षीय बिनिल बाबू की युद्ध में मृत्यु हो गई। वह त्रिशूर जिले के कुट्टनेलूर के रहने वाले थे। रूस्न ने यह भी बताया कि इसी राज्य का एक अन्य नागरिक घायल हुआ है, जिसका वर्तमान में मॉस्को के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। मंत्रालय ने मृतक की परिस्थितियों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है।यह मुद्दा पहले भी भारत सरकार द्वारा रूस के समक्ष उठाया गया है। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई दो बैठकों में भी इस विषय पर चर्चा की थी। भारत पहले भी रूस से सहायक स्टाफ, जैसे रसोइयों और सहायकों के रूप में रूसी सेना में काम कर रहे भारतीय नागरिकों की रिहाई की मांग कर चुका है। MEA के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमें केरल के एक भारतीय नागरिक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की सूचना मिली है, जिसे कथित तौर पर रूसी सेना में भर्ती किया गया था। एक अन्य नागरिक घायल है और उसका मॉस्को के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले को मॉस्को में रूसी अधिकारियों और नई दिल्ली में रूसी दूतावास के समक्ष कड़ाई से उठाया गया है। जायसवाल ने यह भी बताया कि मृतक के पार्थिव शरीर को भारत वापस लाने की प्रक्रिया जारी है और घायल व्यक्ति की जल्द रिहाई और स्वदेश वापसी के लिए रूस से आग्रह किया गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने आईएनएस सूरत, नीलगिरि, और वाघशीर किया राष्ट्र को समर्पित

### -चीन को संदेश भारत विस्तारवादी नहीं, विकासवाद की भावना लेकर चलता



मुंबई,(ए)। बुधवार को मुंबई के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय नौसेना के लिए ऐतिहासिक क्षण में तीन प्रमुख युद्धपोत, आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि, और आईएनएस वाघशीर राष्ट्र को समर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने नौसेना की समृद्ध परंपरा और आत्मनिर्भर भारत के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दिखाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा,15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर मैं देश की रक्षा में जुटे हर वीर-वीरांगना को नमन करता हूं। ये दिवस हमारे जवानों के अदम्य साहस और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने भारतीय नौसेना की समुद्री विरासत को सराहते हुए कहा, आज का दिन भारतीय नौसेना के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने भारतीय नौसेना को नई दिशा और सामर्थ्य दिया था। उनकी पावन धरती पर, आज हम 21वीं सदी की नौसेना को और सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की सैन्य शक्ति को आधुनिक बनाने और वैश्विक मंच पर उसकी जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर सुधार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत विस्तारवाद नहीं,विकासवाद की भावना से काम करता है और ग्लोबल साउथ में एक जिम्मेदार साथी के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

## दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी शून्य, ट्रेन और बस सेवा प्रभावित; आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली-एनसीआर समेत पूरा उत्तर भारत घने कोहरे की चपेट में है। राष्ट्रीय राजधानी में विजिबिलिटी बेहद कम है। मौसम विभाग ने घना कोहरा और बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली एनसीआर में घना कोहरा छाया रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से आसमान में भी बादल छाए रहेंगे और हल्की बूंदाबादी भी हो सकती है।



वहीं, अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रह सकता है। दिल्ली में घने कोहरे की वजह से ट्रेन और बस सेवा पर असर पड़ रहा है। ट्रेन अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। वहीं, सड़कों पर भी गाड़ियां रेंग रही हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर बादल गरजने के साथ ही बिजली गिरने की भी आशंका जताई है।मौसम विभाग का कहना है कि सुबह के समय 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। हवा की गति धीरे-धीरे दोपहर में 6 से 8 किमी प्रति घंटे तक बढ़ जाएगी। वहीं, दिल्ली के अलावा नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद भी कोहरे की चादर में लिपटा हुआ है। इससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 0 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है।

## राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी समेत तमाम नेताओं ने सेना दिवस की दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत तमाम नेताओं ने सेना दिवस के अवसर पर भारतीय सेना को शुभकामनाएं दी है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सेना दिवस पर मैं भारतीय सेना के जवानों, दिग्गजों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देती हूं। राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता सभी के लिए प्रेरणा है। मातृभूमि की सेवा में आपके द्वारा दिए गए अनगिनत बलिदानों को राष्ट्र कृतज्ञतापूर्वक याद करता है। संकटों और आपदाओं के दौरान आपका मानवीय कार्य आपकी करुणा का प्रमाण है। आपकी असाधारण वीरता और साहस आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, आज सेना दिवस पर हम भारतीय सेना के अटूट साहस को सलाम करते हैं, जो हमारे देश की सुरक्षा के प्रहरी के रूप में खड़ी है। हम उन बहादुरों के बलिदान को भी याद करते हैं जो हर दिन करोड़ों भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पोस्ट पर लिखा, सेना दिवस पर हमारे वीर भारतीय सेना के जवानों और उनके परिवारों को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं। भारतीय सेना अपने साहस, वीरता, बलिदान के लिए जानी जाती है। राष्ट्र की रक्षा और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान नागरिकों की सहायता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता प्रशंसनीय है। राष्ट्र के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रत्येक भारतीय भारतीय सेना का आभारी है।वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट पर लिखा, भारतीय सेना के बहादुर जवानों और उनके परिवारजनों को 'थल सेना दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं।



पुणे में सेना दिवस परेड 2025 में एयर शो के दौरान लड़ाकू विमानों का प्रदर्शन.

# केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर मुकदमा चलाने के लिए ईडी को मंजूरी दी



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ शराब घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग में कथित संलिप्तता के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार, साथ ही आप के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ भी मुकदमा चलाने को मंजूरी दी गई है।केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 2021-22 शराब घोटाला मामले से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग के लिए ईडी को केजरीवाल पर पीएमएलए के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। बाद में केजरीवाल के नेतृत्व वाली तत्कालीन आप सरकार ने इस नीति को खत्म कर दिया था।यह कदम नवंबर 2024 में सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए उस फैसले के बाद उठाया गया, जिसमें कहा था कि ईडी को भी मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 197 (1) (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218) के तहत मुकदमा चलाने के लिए सीबीआई की तरह पहले मंजूरी लेनी होगी। दिल्ली में एक विशेष पीएमएलए अदालत ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप तय करने की प्रक्रिया को तब रोक दिया था, जब उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में यह चुनौती दी थी कि पीएमएलए के तहत अभियोजन की मंजूरी के बिना आरोप पत्र पर संज्ञान नहीं लिया जा सकता। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पिछले महीने पूर्व सीएम केजरीवाल पर मुकदमा चलाने के लिए एजेंसी को मंजूरी दे दी थी। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत चार्जशीट दाखिल करने वाली सीबीआई को अगस्त 2024 में शराब नीति से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में जरूरी स्वीकृति मिल गई थी। ईडी ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था और चार्जशीट में उनका नाम दर्ज किया। केजरीवाल वर्तमान में जमानत पर बाहर हैं। चार्जशीट में ईडी ने दावा किया कि उन्होंने गोवा चुनाव में अभियान के लिए कुछ शराब व्यापारियों को फायदा पहुंचाने के लिए रिश्वत ली थी। जांच एजेंसी ने कहा था कि केजरीवाल राष्ट्रीय संयोजक और आप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे धन और उत्पन्न धन के लिए जिम्मेदार थे।

## हिमाचल में होटल के कमरे से मिली पंजाब की लड़की की लाश, कमरे में ठहरे दोनों लड़कों की तलाश

कुल्लू (आरएनएस)। पार्वती वैली स्थित कसोल में एक होटल से लड़की की लाश मिलने का मामला गरमा गया है। यह लड़की पंजाब की है और उसके परिजन जानकारी पाकर नेरचौक अस्पताल पहुंच गए है। उक्त लड़की पंजाब के मुक्तसर और बठिंडा के दो लड़कों के साथ यहां आई थी। तीनों एक ही कमरे 904 में ठहरे थे और ठहरने के थोड़ी देर बाद दोनों लड़के लड़की को उठाकर ले जाते दिखे तो स्टाफ ने रोक दिया। इसके बाद दोनों युवक चकमा देकर स्कार्पियो से फरार हो गए जबकि लाश वहीं छोड़ गए। लड़की की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा कि मौत की वजह क्या है। वैसे लड़की के मुंह से झाग निकलने की जानकारी सामने आई है।

## 12 साल बाद आसाराम अंतरिम जमानत पर रिहा, जोधपुर आश्रम लौटे

जयपुर,(आरएनएस)। 2013 के बलात्कार मामले में राजस्थान हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद स्वयंभू संत आसाराम मंगलवार देर रात रिहा हो गए। इसके बाद वह जोधपुर स्थित पाल गांव के अपने आश्रम में पहुंचे, जहां उनके 'सेवादारों' ने आतिशबाजी कर उनका स्वागत किया।



जोधपुर के मणाई आश्रम में नाबालिग शिष्या से बलात्कार के मामले में गिरफ्तारी के बाद 2 सितंबर 2013 को आसाराम को जेल में डाल दिया गया था। 25 अप्रैल 2018 को जोधपुर की विशेष पॉक्सो कोर्ट ने उसे दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। 11 साल 4 महीने और 12 दिन की सजा काटने के बाद उन्हें स्वास्थ्य आधार पर अंतरिम जमानत मिल गई।

राजस्थान हाईकोर्ट ने आसाराम को उनकी उम्र और बिगड़ते स्वास्थ्य का हवाला देते हुए 31 मार्च तक जमानत दे दी। उनके वकील निशांत बोरदा ने कहा कि जमानत आवेदन में 7 जनवरी के सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व फैसले का हवाला दिया गया है, जिसमें गुजरात के एक अलग मामले में जमानत दी गई थी।

कोर्ट ने जमानत के लिए कुछ शर्तें लगाई हैं, जिनमें आसाराम अपने अनुयायियों से समूह में नहीं मिल सकते, सभाओं को संबोधित नहीं कर सकते या मीडिया से बात नहीं कर सकते, उन्हें अपने साथ तैनात तीन सुरक्षाकर्मियों का खर्च उठाना होगा। इसके अलावा, उन्हें देश भर में किसी भी आश्रम में रहने और आश्रम या अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति शामिल है।

आसाराम ने इससे पहले गुजरात के सूरत स्थित एक आश्रम की महिला अनुयायी से बलात्कार के मामले में जमानत मांगी थी। सुप्रीम कोर्ट ने 7 जनवरी को उन्हें मेडिकल शर्तों के आधार पर अंतरिम जमानत दी थी। हालांकि, जोधपुर बलात्कार मामले में उन्हें हाईकोर्ट के इस फैसले तक कोई राहत नहीं मिली।

आसाराम को कई मामलों में दोषी पाया गया है, जिसमें जोधपुर मामला भी शामिल है। इस मामले में उन्हें साल 2013 में गिरफ्तार किया गया था और 2018 में नाबालिग से बलात्कार के लिए दोषी ठहराया गया था।

# नौसेना को सौंपने से पहले ही क्रैश हुआ अडानी का ड्रोन, पोरबंदर में चल रही थी टेस्टिंग





पोरबंदर (आरएनएस)। भारतीय नौसेना के लिए तैयार किए जा रहे दृष्टि 10 स्टारलाइनर ड्रोन का पोरबंदर तट पर परीक्षण के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर है। अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस द्वारा निर्मित इस ड्रोन का नौसेना को सौंपे जाने से पहले परीक्षण किया जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ।

दृष्टि 10 स्टारलाइनर एक मध्यम ऊंचाई वाला लंबी दूरी का ड्रोन है, जिसे इजरायली डिफेंस फर्म एल्बिट सिस्टम्स के सहयोग से विकसित किया गया है। यह ड्रोन 70त्न स्वदेशी है और 36 घंटे तक उड़ान भरने में सक्षम है। 450 किलोग्राम तक का पेलोड ले जाने की क्षमता वाला यह ड्रोन निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

भारतीय नौसेना ने पहले ही दृष्टि 10 को अपने बेड़े में शामिल कर लिया था। इसे सेना और नौसेना की खुफिया, निगरानी और टोही क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से खरीदा गया था। प्रत्येक दृष्टि 10 ड्रोन की कीमत लगभग 145 करोड़ रुपये है।

दुर्घटना के बाद ड्रोन को बरामद कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब भारतीय नौसेना अपनी समुद्री सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उल्लेखनीय है कि चार महीने पहले एक एमक्यू-9बी सीगार्डियन ड्रोन भी बंगाल की खाड़ी में तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

इस घटना के बावजूद, भारतीय नौसेना अपनी समुद्री ताकत को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। नौसेना जल्द ही दो युद्धपोत और एक पनडुब्बी को अपने बेड़े में शामिल करने जा रही है। इनमें कलवरी-क्लास की अंतिम पनडुब्बी 'वाघशीर', विध्वंसक 'सूरत', और फ्रिगेट 'नीलगिरी' शामिल हैं। ये सभी मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में निर्मित हुए हैं।इसके अतिरिक्त, नौसेना अपनी टोही क्षमताओं को और मजबूत करने के लिए अमेरिका से 31 एमक्यू-9बी ड्रोन खरीदने के समझौते पर भी हस्ताक्षर कर चुकी है। इस खरीद का मुख्य उद्देश्य हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों पर नजर रखना है।



फोरेंसिक विभाग और पुलिस ने इम्फाल पश्चिम में मंगलवार रात को ड्रोन बमबारी हमले के बाद फयेंग में 5एमआर अस्थायी शिविर और बंकर के पास की जगह की जांच की। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए, जिसमें किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

## पुलिस ने मुठभेड़ में बदमाश को किया गिरफ्तार, लूट का सामान, अवैध हथियार बरामद


नोएडा(आरएनएस)। नोएडा पुलिस और बदमाश के बीच बीती देर रात मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ के बाद बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से लूट का मोबाइल, अवैध तमंचा और बाइक बरामद हुई है।ये मुठभेड़ थाना सेक्टर-49 पुलिस और बदमाश के बीच हुई है। एडीसीपी मनीष मिश्रा से मिली जानकारी के मुताबिक 14 जनवरी को थाना सेक्टर-49 नोएडा पुलिस द्वारा सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास पेट्रोल पंप की तरफ चेकिंग की जा रही थी। तभी एक संदिग्ध मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति आता दिखाई दिया, जिसे रुकने का इशारा किया गया। परंतु वह नहीं रुका और मोटरसाइकिल को तेजी से चलाते हुए भागने का प्रयास करने लगा।इसी हड़बड़ाहट में मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई और उसने पुलिस टीम को अपने पास आते देख फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया।

## खूबसूरत साड़ी पहन प्रज्ञा जैसवाल ने कैमरे के सामने दिखाई हॉटनेस, एक्ट्रेस की हर अदाओं पर दिल हार गए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को अपना दीवाना बना देती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने करियर में अबतक 14 से ज्यादा फिल्मों, सीरियल और सीरीज में काम किया है। वो भले ही इन दिनों किसी फिल्मों में नहीं नजर आ रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी तस्वीरों से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका हॉट एंड ग्लैमरस अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।प्रज्ञा जैसवाल की हालिया फोटोशूट कराई गई तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने येलो कलर की बेहद ही खूबसूरत सिंपल साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं।खुले बाल, चेहरे पर प्यारी सी स्माइल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा है- यू लुक ग्लैमरस। तीसरे यूजर ने लिखा है- स्टनिंग। ऐसे ही एक के बाद एक कॉमेंट आ रहे हैं।

## द राजा साब से प्रभास का नया पोस्टर आउट, डायरेक्टर मारुति ने दिखाया डार्लिंग का बेस्ट वर्जन




दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता प्रभास काफी समय से अपनी आगामी फिल्म द राजा साब को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान मारुथि ने संभाली है। यह इस साल बहुचर्चित फिल्मों में से एक है।अब पोंगल के खास मौके पर द राजा साब से प्रभास की नई झलक सामने आ चुकी है, जिसमें अभिनेता का धांसू अवतार दिख रहा है।इसके साथ प्रभास ने अपने प्रशंसकों को पोंगल की शुभकामनाएं दीं। प्रभास ने इंस्टाग्राम पर द राजा साब का नया पोस्टर साझा किया है। उन्होंने पोंगल की बधाई देते हुए लिखा, इस त्योहार के मौसम में आप सभी को आनंद और खुशियों की शुभकामनाएं। जल्द ही मिलते हैं द राजा साब के साथ।जाने-माने निर्देशक मारुथि फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं और उन्होंने ही इसकी कहानी भी लिखी है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता थमन एस इस फिल्म का संगीत देने वाले हैं।

**टी जी विश्व प्रसाद इस फिल्म के निर्माता हैं।**

वहीं, द राजा साब के डायरेक्टर मारुति ने भी प्रभास को पोस्टर साझा करते हुए देशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी है. उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, पिछली संक्रांति, जहां से यह सब शुरू हुआ. यह संक्रांति, आप सभी को 2025 में डार्लिंग के बेस्ट वर्जन का वादा करती है. हैप्पी संक्रांति. पोस्टर में प्रभास को लाइट येलो कुर्ता पहने लंबे बालों में देखा जा सकता है. ब्राउन सनग्लासेस और चेहरे पर बड़े स्माइल के साथ रिबेल स्टार काफी स्मार्ट लग रहे हैं. प्रभास के नए लुक पर फैंस के काफी सारे रिएक्शन आए है. एक फैन ने डायरेक्टर के पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा है, यह रेंज लुक सुपर है, इसे पूरी फिल्म में बनाए रखें. एक फैन लिखा है, मेरे विचार से बाहुबली के बाद प्रभास का यह सबसे अच्छा लुक है. जहां कई फैंस ने मारुति और उनकी टीम को पोंगल और संक्रांति की शुभकामनाएं दी है वहीं, कई यूजर्स ने फिल्म की नई रिलीज डेट के अनाउंसमेंट की बात कही है.द राजा साब की रिलीज को पोस्टपोन कर दिया गया है. यह फिल्म जहां 10 अप्रैल को शेड्यूल की गई थी, वही इसे अब आगे बढ़ा दिया गया है. मेकर्स ने अब तक द राजा साब की नई रिलीज डेट बारे में अपडेट नहीं दिया है. मारुति की निर्देशित द राजा साब एक रोमांटिक हॉरर कॉमेडी फिल्म है. फिल्म में प्रभास अहम भूमिका में नजर आएंगे. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में वह डबल रोल में नजर आ सकते हैं. इस फिल्म में मालविका मोहनन और निधि अग्रवाल उनकी हीरोइन के तौर पर दिखाई देंगी.

## लकी भास्कर के बाद मीनाक्षी चौधरी के हाथ लगी एक और फिल्म, श्रीलीला को किया रिप्लेस



नवीन पोलीशेट्टी साउथ के एक प्रतिभाशाली अभिनेता हैं। हालांकि, लंबे समय से वह किसी बड़ी फिल्म में नजर नहीं आए हैं। उनकी आखिरी फिल्म मिस शेट्टी मिस्टर पोलीशेट्टी को रिलीज हुए काफी समय हो चुका है। अब, अभिनेता के फैंस के लिए एक खुशखबरी आई है। नवीन की आगामी फिल्म अनगनगा ओका राजू नाम की फिल्म को फिर से शुरू किया गया है। पहले इस फिल्म को कुछ कारणों से रद्द कर दिया गया था, लेकिन अब यह फिर से बन रही है। इसका टीजर आज रिलीज होने वाला है। फिल्म में शुरुआत में श्रीलीला को मुख्य अभिनेत्री के रूप में कास्ट किया गया था, लेकिन शेड्यूल के टकराव के कारण उन्होंने इस प्रोजेक्ट को छोड़ दिया।इसके बाद फिल्म में उनकी जगह मीनााक्षी चौधरी को कास्ट किया गया है। मीनाक्षी को हाल ही में लकी भास्कर में देखा गया था। फिल्म में उनकी अदाकारी को लोगों ने काफी सराहा था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। फिल्म में दुलकर सलमान ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बड़े पर्दे के बाद इस फिल्म को ओटीटी पर भी खूब पसंद किया गया था।इस फिल्म की सफलता के बाद अब उनके हाथ एक और फिल्म आ गई है। नवीन पोलीशेट्टी के साथ इस फिल्म से उनके करियर को नई उड़ान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## बॉक्स ऑफिस पर गेम चेंजर की कमाई की रफ्तार धीमी, चौथे दिन का कारोबार रहा सबसे कम

अभिनेता राम चरण की फिल्म गेम चेंजर पर निर्माताओं ने पानी की तरह पैसा बहाया। फिल्म के केवल 4 गानों पर 75 करोड़ रुपये खर्च किए गए। हालांकि, यह सब फिल्म को फायदा नहीं पहुंचा सका।

करीब 450 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म की पहले दिन की कमाई संतोषजनक नहीं रही। इसके बाद से ही फिल्म पर फ्लॉप होने का खतरा मंडराने लगा।आइए बताते हैं गेम चेंजर ने चौथे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।सैकनिल्क के मुताबिक, गेम चेंजर ने रिलीज के चौथे दिन यानी पहले सोमवार को 8.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 97 करोड़ रुपये हो गया है।

गेम चेंजर ने 51 करोड़ रुपये के साथ टिकट खिड़की पर बेहतरीन शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 21.6 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 15.9 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।फिल्म की लागत निकलना भी मुश्किल लग रहा है। गेम चेंजर में राम चरण की जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी है। विनय विद्या राम के बाद यह दोनों के बीच दूसरा सहयोग है। इस फिल्म में राम चरण पिता और पुत्र की दोहरी भूमिका में हैं। फिल्म में अंजलि, एसजे सूर्या, जयराम, सुनील, श्रीकांत, समुथिरकानी और नासर जैसे सितारे भी अहम भूमिका हैं। एस शंकर के निर्देशन में बनी गेम चेंजर एक राजनीतिक ड्रामा है, जो 5 भाषाओं- तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज हुई है।

## महाअवतार नरसिम्हा का टीजर हुआ रिलीज, हिरण्यकश्यप का सर्वनाश करने के लिए भगवान विष्णु ने लिया अवतार

होम्बाले फिल्म्स और कलीम प्रोडक्शन्स ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर महाअवतार नरसिम्हा का बहुप्रतीक्षित टीज़र रिलीज़ किया है. अश्विन कुमार के निर्देशन में बनी यह एनीमेटेड सीरीज़ भगवान विष्णु के सभी अवतारों की कहानियां पेश करने के उद्देश्य से बनाई गई



महाअवतार सीरीज़ का पहला भाग है. महाअवतार नरसिम्हा टीज़र में भक्त प्रह्लाद की कहानी और भगवान नरसिंह के अवतार का वर्णन किया गया है, जहां भगवान विष्णु ने बुराई के अंत और धर्म की पुनः स्थापना के लिए यह रूप धारण किया था. यह फिल्म दर्शकों को एक अनोखा अनुभव देने का वादा करती है. यह फिल्म 3 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. टीज़र में भव्य एनिमेशन, सांस्कृतिक विविधता और भक्तिमय माहौल को जीवंत किया गया है. इसे थ्रीडी में और पांच भारतीय भाषाओं में रिलीज़ किया जाएगा. मेकर्स का कहना है कि इस फिल्म के जरिए वे भारतीय पौराणिक कथाओं और संस्कृति को वैश्विक स्तर पर ले जाना चाहते हैं. महाअवतार नरसिम्हा को होम्बाले फिल्म्स और कलीम प्रोडक्शन्स ने मिलकर प्रोड्यूस किया है. यह कांतारा के बाद होम्बाले फिल्म्स का दूसरा ऐसा प्रोजेक्ट है, जो भारतीय संस्कृति और धर्म की अनसुनी कहानियों को बड़े पर्दे पर लाने की कोशिश करता है. कांतारा ने कोला त्योहार की अनोखी कहानी को सामने लाकर दर्शकों का दिल जीता था. फिल्म को लेकर निर्माता शिल्पा धवन, कुशल देसाई, और चैतन्य देसाई का कहना है कि एनिमेशन के जरिए यह कहानी हर आयु वर्ग के दर्शकों तक पहुंचेगी. मकर संक्रांति पर इस टीज़र की रिलीज़ से दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ गया है.

## पवन कल्याण की दमदार आवाज में हरि हर वीर मल्लु का फर्स्ट सिंगल प्रोमो आउट, 17 जनवरी को रिलीज होगा पूरा सॉन्ग

*हरि हर वीर मल्लु के मेकर ने मकर संक्रांति/पोंगल के शुभ अवसर पर फिल्म का फर्स्ट सिंगल प्रोमो जारी किया है. प्रोमो में पवन कल्याण की झलक के साथ फुल सॉन्ग की रिलीज डेट का भी खुलासा किया गया है. इस गाने को चार भाषाओं में रिलीज किया जाएगा.*




मंगलवार को मेकर्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर हरि हर वीर मल्लु का फर्स्ट सिंगल प्रोमो जारी किया. इसे चार भाषाओं हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया गया है. हरि हर वीर मल्लु का फर्स्ट सिंगल प्रोमो का यूट्यूब लिंक साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, म्यूजिकल तूफान की शुरुआत. हरि हर वीर मल्लु का पहला सिंगल प्रोमो अब रिलीज हो गया है.प्रोमो की शुरुआत एक घने जंगल से होती है. बैकग्राउंड में पवन कल्याण की दमदार आवाज सुना जा सकता है, जो किसी को चेतावनी देते हुए कहते हैं, सुन ले... वीर मल्लु बात करे तो सुन ले. प्रोमो में पूरे गाने की रिलीज डेट की जानकारी भी दी गई है. 17 जनवरी को सुबह 10:20 बजे पूरा गाना रिलीज होगा.हिंदी में हरि हर वीर मल्लु के फर्स्ट सिंगल को बात निराली टाइटल दिया गया है. तमिल में इसे केक्कणम गुरुवे, कन्नड़ में माथु केलय्या और मलयालम में केल्कणम गुरुवे नाम दिया गया है.हरि हर वीर मल्लु में साउथ फिल्म इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन कल्याण अहम भूमिका में है. उनके साथ निधि अग्रवाल, बॉबी देओल और अन्य कलाकार स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे. ज्योति कृष्णा और कृष जगरलामुदी ने मिलकर इस फिल्म डायरेक्ट किया है. जबकि ऑस्कर विजेता एमएम कीरवानी ने म्यूजिक कंपोज किया है.

## पुष्पा 2 महीने बाद भी करोड़ों में कर रही कमाई, 40वें दिन जुटाए इतने करोड़ रुपये

जाने-माने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की पैन-इंडिया फिल्म पुष्पा 2= द रूल पहले ही दिन से बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है। यह फिल्म अपने छठे सप्ताह में प्रवेश कर चुकी है और इसका जलवा अब भी कायम है।फिल्म का खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। आए दिन यह कोई न कोई रिकॉर्ड तोड़ रही है।अब पुष्पा 2 की कमाई के 40वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं।सैकनिल्क के मुताबिक, पुष्पा 2 ने रिलीज के 40वें दिन 1 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1,221.55 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म का बजट 500 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। विदेश में पुष्पा 2 खूब धमाल मचा रही है। दुनियाभर में इस फिल्म ने अब तक 1,850 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है।

## सर्दियों में बच्चे को कितने घंटे डायपर पहनना चाहिए? रोजाना इतनी देर पहनने से खतरा



आजकल लगभग सभी घरों में छोटे बच्चों को डायपर पहनाए जाते हैं. सर्दियों में बच्चे ज्यादा टॉयलेट करते हैं. ऐसे में बार-बार उनके कपड़े गीले हो जाते हैं. कपड़े भीगने की वजह से उन्हें सर्दी न लगे इसलिए इस मौसम में बच्चों को रात के साथ-साथ दिन में लोग डायपर पहना देते हैं. ताकि उनके कपड़े न बदलने पड़े. डायपर पहनाने से मम्मियों को इस टेंशन से राहत मिल जाती है कि अगर बच्चा सू-सू या पॉटी कर लेगा तो दिक्कत नहीं होगी. लेकिन क्या आपको पता है रोजाना हर समय डायपर बच्चों को पहनना उन्हें नुकसान पहुंचा सकता है. क्या आपको पता है बच्चे को कितने घंटे डायपर पहनना चाहिए? या ज्यादा देर तक बच्चों को डायपर पहनाने से बच्चे को क्या-क्या दिक्कतें हो सकती हैं? आइए जानते हैं इसके बारे में.

### इतनी देर पहनाएं डायपर

चाइल्ड स्पेशलिस्ट के अनुसार अगर आप चाहते हैं कि आपके बच्चे की स्किन पर रैशेज, दाने और खुजली की दिक्कत न हो तो एक डाइपर दो घंटे से ज्यादा देर तक नहीं पहनाना चाहिए. क्योंकि लंबे समय तक डायपर पहनाने से बच्चे की स्किन को हवा नहीं मिल पाती है. इससे उन्हें नुकसान हो सकता है. सर्दियों में थोड़ी-थोड़ी देर बाद डाइपर चेक करना चाहिए कि वह भर तो नहीं गया है. डाइपर बदलने के बाद बच्चे को कुछ देर खुला छोड़ना चाहिए.

### बच्चों को ज्यादा देर तक डायपर पहनाने के नुकसान

* हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार बच्चे को रोजाना बहुत देर तक डायपर पहना कर रखना सही नहीं है. बच्चे बोल नहीं पाते हैं, ऐसे में उन्हें असुविधा भी होती है तो माता पिता को समझना मुश्किल होता है.
* सर्दियों में बच्चों को डायपर पहन कर रखने से उनकी त्वचा पर नमी बनी रहती है. ऐसा लंबे समय तक होने की वजह से स्किन इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है.
* बच्चों की स्किन नाजुक होती है. सर्दियों में स्किन और ज्यादा सेंसटिव हो जाती है. डायपर में सिंथेटिक फाइबर रंग या कुछ हार्श केमिकल उत्पादों का इस्तेमाल होता है. ऐसे में ये सभी बच्चों की स्किन को नुकसान पहुंचा सकते हैं.

# कैसे पता करें कि आपको थायराइड है या नहीं? ऐसे संकेत देखकर करें पहचान



आजकल बहुत सारे लोग थायराइड होने से परेशान हैं. समय रहते अगर इसके लक्षणों को पहचान कर सतर्क हो जाए तो इसे कंट्रोल किया जा सकता है. लेकिन बहुत सारे लोग इसके लक्षण या तो पहचान नहीं पाते हैं या फिर उन्हें इस बारे में पता ही नहीं होता है. ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि कैसे पता करें कि आपको थायराइड है या नहीं? थायराइड होने पर शरीर में कुछ संकेत दिखाई देते हैं, आइए जानते हैं इसके बारे में.

### पहले जानिए थायराइड है क्या?

इंसानों के शरीर में गले के निचले हिस्से में थायराइड नाम की एक ग्लैंड होती है. इस ग्लैंड से शरीर में ट्राईआयोडोथायरोनिन और थायरॉक्सिन नाम के हॉर्मोन रिलीज होते हैं. जब शरीर में इनकी कमी हो जाती है तब उस स्थिति को हाइपोथायराइडिज्म कहा जाता है. लेकिन जब शरीर में टीएक्स और टीवाई हॉर्मोन्स जरूरत से ज्यादा हो जाते हैं, तब इस स्थिति को हाइपरथायराइडिज्म कहते हैं. ये दोनों ही लोगों को परेशानी में डाल देती हैं.

थायराइड के शुरुआती लक्षण क्या होते हैं?

### जब लगे थकावट

थायराइड के शुरुआती लक्षण की बात करें तो जब आप अच्छी नींद ले रहे हैं. आराम कर रहे हैं लेकिन इसके बाद भी आपको थकावट महसूस होती है. तो आपको थायराइड हो सकता है.

### रोजमर्रा के काम करने में हो दिक्कत

जिन लोगों को हाइपरथायराइडिज्म की दिक्कत होती है उनको रोजमर्रा के काम करने में दिक्कत होने लगती है. जब आप काम भी करने में असमर्थ हो जाते हैं तो यह थायराइड बढ़ने की तरफ इशारा करता है.

### जब बढ़ने लगे तेजी से वजन

थायराइड होने पर लोगों का वजन बढ़ने लगता है. अगर आपका वजन तेजी से बढ़ रहा है तो आपको डॉक्टर से मिलना चाहिए. क्योंकि थायराइड मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करता है.

### जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द

थायराइड होने पर अक्सर लोगों के जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द रहता है. इसके साथ ही हेयर फॉल भी शुरू हो जाता है. ऐसा होने पर लोगों की त्वचा डल हो जाती है. उनके चेहरे की चमक गायब होने लगती है.

# देशभक्ति और उमंग की भावना से सराबोर हो गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन : कलेक्टर

## जनकल्याण अभियान के तहत स्वीकृत प्रकरणों में हितलाभ सुनिश्चित करें




समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। देशभक्ति और उमंग की भावना से सराबोर हो गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन। जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण बढ़ाने तथा उनकी स्वीकृति प्रतिशत की स्थिति बेहतर किया जाना सुनिश्चित करें सभी अधिकारी। विभागीय पोर्टल से जनकल्याण पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का मिलान करें। विभागीय स्तर पर सभी जिला अधिकारी परामर्शदात्री की बैठकों का आयोजन सुनिश्चित करें। पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का परीक्षण उपरांत पात्र आवेदनों को जिला पंचायत में प्रस्तुत किया जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने बुधवार 15 जनवरी को अयोजित समय सीमा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए।कलेक्टर ने समय सीमा बैठक के दौरान निर्देश दिए की समस्त जिले में गणतंत्र दिवस का आयोजन पूरे हर्षोल्लाहस एवं उमंग के साथ किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि देश भक्ति की भावना एवं उमंग से ओतप्रोत तरीके से गणतंत्र दिवस पर्व समारोह का आयोजन किया जाए। इस दौरान कलेक्टर ने समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों के दायित्व भी सुनिश्चित किए।

कलेक्टर ने कहा कि गणतंत्र दिवस के दौरान संपूर्ण जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान ध्वज संहिता एवं प्रोटोकॉल का भी पालन सुनिश्चित किया जाए।कलेक्टर सुश्री मीना ने मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने विभागों के पोर्टल पर उपलब्ध आवेदनों की जानकारी से जनकल्याण पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का मिलान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागीय पोर्टल तथा जनकल्याण पोर्टल पर अभियान अवधि अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की संख्या में विसंगतियां ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी मुख्य रूप से इस बात का भी पर भी ध्यान दें कि कहीं भी किसी भी शिविर में पोर्टल पर गलत आवेदन की जानकारी अद्यतन ना हो तथा ऐसा होने की स्थिति में त्वरित रूप से आवेदनों को डिलीट किया जाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी सीईओ एवं सीएमओ को भी इस संबंध में अधिक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ केसला को निर्देशित किया है कि शिविरों के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण प्रतिशत बढ़ाने पर ध्यान दें। इसी प्रकार उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को स्पष्ट निर्देशित किया है कि अभियान अवधि अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों के निराकरण तथा स्वीकृति के प्रतिशत की स्थिति को बेहतर किया जाए।

# नर्मदा जयंती की बैठक में उठा गंदे नाले का मुद्दा

### जयंती के अवसर पर पुलिस द्वारा शहर में लगवा दिया जाता है जाम

नर्मदापुरम (निप्र)। नगर पालिका की बैठक में पूर्व की व्यवस्थाओं पर ही विशेष चर्चा हुई। कुछ लोगों ने सुझाव दिए उन पर कम ही ध्यान दिया गया। पार्षद संतोष उपाध्याय ने कहा कि हर बार नर्मदा जयंती पर गंदे नाले के पानी से नर्मदा में प्रदूषण की बातें बहुत होती हैं। काम कम होता है। कम से कम नर्मदा जी की जलधारा में बैठकर झूठ ना बोलें। इसी प्रकार वरिष्ठ नेता राजेश तिवारी ने कहा कि बीते वर्ष नर्मदा जयंती पर पुलिस ने तथा अधिकारियों ने शहर के लोगों को बहुत परेशान किया नर्मदा तट के घाटों पर जाने से ही रोका जा रहा था। हर कहीं बेरीकेटस लगा दिए थे। हर कहीं रोका जा रहा था। ऐसा नहीं होना चाहिए। वहीं राकेश फौजदार ने कहा कि शहर में कुत्ते के काटने के मामले ज्यादा आ रहे हैं। उन पर ध्यान दिया जाए। प्रतिपक्ष नेता अनोखी राजोरिया ने कहा कि शहर में सुअरों की द्वारा गंदगी फैलाई जाती है। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। नर्मदा जयंती पर शराब की बिक्री पर रोक लगाई जाए। पं गोपाल प्रसाद खड्डुर ने कहा कि नर्मदा जी के जन्मोत्सव या जयंती शब्द की जगह मां नर्मदा के कार्ड में प्रकटोत्सव शब्द का उपयोग होना चाहिए। इसी तरह रामजी बाबा मेला में दलाली प्रथा पर रोक लगाने की बात सामने आई।

### आरटीओ का सिवनी मालवा में लगा निशुल्क ड्राइविंग लर्निंग लाइसेंस कैंप, बने 61 लाइसेंस

नर्मदापुरम( निप्र)। बुधवार 15 जनवरी को परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी श्रीमती निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ टीम द्वारा स्थानीय सिवनी मालवा के कुसुम महाविद्यालय में निशुल्क लर्निंग लाइसेंस कैंप लगाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा इस कैंप का लाभ लेते हुए लर्निंग लाइसेंस बनवाए गए।

## श्रीमद् भागवत अष्टोत्तर मूल पाठ और संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा 4 फरवरी से

### विवेकानंद घाट से निकलेगी भव्य कलश यात्रा

नर्मदापुरम (निप्र)। मां ललिता आश्रम भागवत आयोजन सेवा समिति द्वारा हाउसिंग बोर्ड पंचवटी परिसर के पास मां ललिता आश्रम में 4 फरवरी मां नर्मदा जयंती के पावन अवसर से 10 फरवरी तक मां ललिता आश्रम में तृतीय वर्ष में श्रीमद भागवत अष्टोत्तर 108 श्रीमद भागवत के मूल पाठ तथा संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवत चरणानुरागी आचार्य पंडित अजय दुबे ने बताया कि पितृ कल्याण, भागवत भक्ति भगवत कृपा, सुख शांति वैभव ऐश्वर्य समस्त कामना पूर्ति हेतु यह धार्मिक अनुष्ठान किया जा रहा है। 108 ब्राम्हण देवताओं के द्वारा यह अनुष्ठान किया जाएगा।आचार्य पं दुबे ने बताया कि इस अनुष्ठान में ब्रम्हवेदामृत पीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज रोहतक की मंगलमय वाणी से संगीतमय श्रीमद् भागवत की कथा का आयोजन किया जा रहा है। 4 फरवरी को प्रात: 8 बजे से मां नर्मदाजी की पूजन के बाद कलश यात्रा शोभायात्रा विवेकानंद घाट से निकलेगी। जो ललिता आश्रम हाउसिंग बोर्ड पहुंचेगी। नित्य प्रात: 8 बजे से 12 बजे तक मूल पाठ दोपहर 2 बजे से शाम के 5 बजे तक मूल पाठ और भागवत कथा होगी। पं दुबे ने सभी धर्मावलंबियों से इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने का आव्हान किया है।

### नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 7 फरवरी को

आचार्य पं दुबे ने बताया कि इस बार सामाजिक समरसता के भाव से नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 7 फरवरी को आयोजित होगा।

# डॉ अजय निगम दिल्ली में सम्मानित



नर्मदापुरम( निप्र)। अमेरिका के शिकागो में दुनिया भर के धार्मिक नेताओं की मौजूदगी में हिन्दू धर्म का परिचय दुनिया को कराने वाले महान सन्त एवं दार्शनिक स्वामी विवेकान्द की 162 वीं जयन्ती 12 जनवरी को राजधानी दिल्ली के लाजपत ऑडिटोरियम में मनाई गयी। राधास्वामी सन्तमत मुख्यालय स्वामी बाग आगरा के अनुयायी नर्मदापुरम निवासी डबल वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर एवं ग्लोबल फेम अवार्ड विनर ग्रैंडमास्टर डॉ अजय निगम को मुख्यअतिथि योद्धा मिलेट्री अकादमी मेरठ के निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल अमरदीप त्यागी एवं जितेन्द्र मणि त्रिपाठी आईण्पीएस उप.निदेशक दिल्ली पुलिस अकादमी ने स्वामी विवेकानन्द यूथ आइकॉन अवार्ड .2025 से सम्मानित किया।इस अवसर पर अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगेश त्रिवेदी एवं मोनिका शर्मा उपस्थित रहीं। विगत 38 वर्षों से नियमित योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना चुके डॉ निगम को पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मेन भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के 92 वें जन्मदिन 15 अक्टूबर 2023 को कान्सटीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया भवन नई दिल्ली में सम्मानित किया जा चुका है। उनकी इस उपलब्धि पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र नाथ श्रीवास्तव जयवाला निगम महिला समाजसेवीका, अशोक श्रीवास्तव जिला महामंत्री पवन सक्सेना जिला उपाध्यक्ष अजय निगम जिला कोषाध्यक्ष, राजेश कुलश्रेष्ठ महासचिव मुकेश कानूनगो जिला कार्यालय सचिव लता सक्सेना जिला महिला अध्यक्ष, विजय प्रकाश श्रीवास्तव जिला समन्वयक ,मुकेश श्रीवास्तव बिल्डर सजेंद्र श्रीवास्तव जिला मीडिया प्रभारी, भानु श्रीवास्तव जिला युवा अध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष प्रतिभा खरे जिला उपाध्यक्ष महिला मीनाक्षी निगम महामंत्री महिला, कार्तिक खरे रोजगार प्रमुख आशुतोष सक्सेना संगठन मंत्री, सीमा कुलश्रेष्ठ नगर अध्यक्ष महिला सपना श्रीवास्तव सचिव महिला डॉ गौरव वर्मा संजय श्रीवास्तव सुरेंद्र वर्मा जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर दिनेश श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष युवा राहुल राय युवा जिला महासचिव,सौरभ सक्सेना सचिव, कल्पना श्रीवास्तव संगठन सचिव रुचि सक्सैना रक्षा श्रीवास्तव अनुपम श्रीवास्तव अपर्णा श्रीवास्तव अल्पना श्रीवास्तव जयश्री निगम राखी श्रीवास्तव कुलदीप श्रीवास्तव सचिव युवा हेमू श्रीवास्तव सह सचिव युवा ने शुभकामनाएं दी।

# संभागायुक्त श्री तिवारी ने समय सीमा बैठक में दिए विभिन्न विभागों को सख्त निर्देश

### आवासों का आवंटन, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई के लिए अधिकारियों को दिए गए दिशा-निर्देश



नर्मदापुरम (निप्र)। संभागायुक्त के जी तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में शासकीय आवासों के आवंटन, शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, अवैध खनिज परिवहन और शीत लहर से बचाव के लिए आवश्यक कार्रवाई किए जाने के लिए निर्देशित किया गया।संभागायुक्त श्री तिवारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ विभागों के आवंटित और रिक्त शासकीय आवासों की जानकारी शीघ्र संभागीय कार्यालय में प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि रिक्त आवासों को पात्र अधिकारी और कर्मचारियों को उपलब्ध कराए जाएं और अनधिकृत रूप से आवासों में रह रहे अधिकारियों और कर्मचारियों से नियमानुसार किराया वसूला जाए। साथ ही, उन्होंने अनुविभागीय अधिकारियों को इन मामलों में शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री तिवारी ने समय सीमा बैठक के दौरान शिक्षा विभाग के मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग से शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए असाधारण प्रयासों किए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति और शिक्षकों की समय पर उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई।इसके अलावा, संभागायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों पर भी ध्यान देने और जिला चिकित्सालयों में व्यवस्थाओं को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने खनिज विभाग को अवैध खनिज परिवहन और भंडारण पर कठोर कार्रवाई करने के लिए पुलिस, राजस्व, परिवहन और खनिज विभाग के संयुक्त दल का गठन कर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

## पी.जी. कॉलेज पिपरिया में हुई वायुसेना के योद्धाओं द्वारा संगोष्ठी

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु के प्रचार प्रसार हेतु महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन बुधवार 15 जनवरी को शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया में किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि देवशंकर धुर्वे नर्मदापुरम, मुख्य वक्ता सार्जेंट डी. एस. राणा, कॉर्पोरल आशुतोष, रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम से धर्मेश तिवारी ने शिरकत कीद्य कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. ए.के. राकेशिया के उद्बोधन से हुई कार्यक्रम में अग्नि वीर भर्ती से लेकर उनके चार वर्षीय सेवा व उसके लाभ को बारीकी से बताया गया। कॉर्पोरल आशुतोष द्वारा वायुसेना के इतिहास और कार्य के साथ अग्निवीर योजना की समस्त विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## 13 एमपी बटालियन एनसीसी का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

नर्मदापुरम (निप्र)। एन.सी.सी. के 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन बुधवार को हुआ। 10 दिवसीय प्रशिक्षण में 191 बालिका एवं बालक कैडेट्स को विभिन्न सैन्य गतिविधि की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। यह शिविर 6 जनवरी से 15 जनवरी तक रहा। कैडेट्स को स्वास्थ्य पर ध्यान देने हेतु डॉक्टर दिव्या शर्मा, मानस दुबे द्वारा गेस्ट लेक्चर लिया गया । शिविर के चलते 12 जनवरी युवा दिवस के उपलक्ष्य में गुरुकुल के आचार्य द्वारा योगा कराया गया। शिविर में प्रत्येक दिवस प्राप्त 5 बजे से पी टी ड्रिल एवं एफ सीबीसी एमआर डब्ल्यू टी हथियार प्रशिक्षण एवं फायरिंग भी कराई गई फ्लैग एरिया व गार्ड ऑफ ओनर तथा बिर्फिंग निरिक्षण किया गया एवं खेल गतिविधियों में फुटबॉल वॉलीबॉल रास्सा खींच एवं टीओ देव कुमार द्वारा तैयार कराई गई सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुतियों का मंचन कराया गया अंत में सभी विजयी कैडेट्स को प्रमाण पत्र वेंडलों से कैंप कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल अमरदीप सिंह छतवाल द्वारा वितरित किए गए।

## जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरित किए




नर्मदापुरम (निप्र)। महादेव वेलफेयर सोसाइटी ने मंगलवार को मकर संक्रांति पर सेठानी घाट पर जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरित किए। महादेव वेलफेयर सोसाइटी नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष मिहिर श्रीवास्तव ने बताया कि हमने कंबल, स्वेटर, वस्त्र, आदि वितरण किए। इस दौरान महादेव वेलफेयर सोसाइटी के जिला उपाध्यक्ष रजत यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी दीपक साहू, जिला कार्यालय मंत्री सौरभ परसाई, जिला सह संयोजक छत्रपाल ठाकुर, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी सुमित सिंह, जिला सह मंत्री हिमांशु यादव, जिला सह आई. टी. सेल प्रभारी जीवन राव,जिला सह कार्यालय मंत्री अनुराग गौर, आशुतोष गौर, संदीप कहार, आदि मौजूद रहें।

## लायंस क्लब के द्वारा जरूरतमंदों को कंबल और अन्य सामग्री का वितरण किया

नर्मदापुरम (निप्र)। लायंस क्लब इंटरनेशनल के संस्थापक ला0 मेल्विन जॉन्स के जन्मदिन पर लायंस क्लब द्वारा बांद्राभान स्थित वृद्ध आश्रम आसरा में निवासरत सभी वृद्धजनों को शीतलहर में ठंड में बचने के लिए कंबलों का वितरण किया गया । साथ ही पीएमजे एफ लाव मुन्नालाल जैन जेड सी द्वारा रु 5000 की भोजन सामग्री भी आश्रम को प्रदान की गई। इसके साथ ही क्लब द्वारा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित संकल्प मूकबधिर निशक्तजन विद्यालय में 20 छात्र.छात्राओं को कंबलों का वितरण कर उनकी आवश्यकता की जानकारी ली गई संस्था के वार्डन द्वारा मूक बधिर बच्चों के लिए गद्दों की आवश्यकता बताई गई लायंस क्लब के सेवा भावी सदस्यों द्वारा तत्काल रु 6600 के 21 गद्दे संस्था को भेंट किए गए। बच्चों को संक्रांति पर्व की पूर्व संध्या पर तिल्ली के लड्डू का वितरण भी किया गया । नए कंबल नए गद्दे एवं मिठाई पाकर संस्था के मूक बधिर बच्चे अति.उत्साहित हुए एवं क्लब के सदस्यों का सांकेतिक रूप से आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर क्लब के पी एमजेएफ लाव मुन्नालाल जैन जेड सी एमजेएफ लाव डी एस डांगी सी ई ओ एमजेएफ लाव एस के बरेले क्लब डायरेक्टर लाव पवन शुक्ला सचिव लाव देवेंद्र वर्मा प्रथम उपाध्यक्ष लाव चंद्रशेखर शर्मा लाव दुर्गाप्रसाद वर्मा आदि ने उपस्थित होकर सेवा कार्य गतिविधि संपादित कर क्लब संस्थापक का जन्म दिन मनाया।क्लब सदस्यों द्वारा समय-समय पर ऐसे जरूरतमंद लोगों की नारायण सेवा निस्वार्थ भावना से की जाती है।

## भारतीय वायु सेना में अग्निपथ योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

नर्मदापुरम( निप्र)। कलेक्टर नर्मदापुरम एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में बुधवार 15 जनवरी 2025 को श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय, माखन नगर में भारतीय वायु सेना में अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर वायु के प्रचार प्रसार एवं विद्यार्थियों को वायुसेना के महत्व पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला में जिला प्रशासन से नोडल अधिकारी देव शंकर धुर्वे, तहसीलदार एवं धर्मेश तिवारी, जिला रोजगार कार्यालय उपस्थित रहे। भारतीय वायुसेना के सार्जेंट डीएस राणा एवं कॉरपोरल आशुतोष द्वारा अग्नि वीर वायु भरती प्रक्रिया, अहर्ता, 4 वर्षीय सेवा के लाभ, इत्यादि को विस्तार से पीपीटी के माध्यम से समझाया गया। व्याख्यान उपरांत क्विज प्रतियोगिता में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नीता चौबे एवं वायु सेना के पदाधिकारियों द्वारा विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यशाला में समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ श्री बालाजी आईटीआई, माखन नगर एवं शासकीय सीएम राइस विद्यालय, माखन नगर के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## पर्यटन स्थल मढ़ई में महिलाओं को फ्रंट ऑफिस का दिया जा रहा प्रशिक्षण

### पर्यटन विभाग की पर्यटन स्थलों पर महिलाओं हेतु अभिनव पहल




नर्मदापुरम( निप्र)। मढ़ई पर्यटन स्थल मे फ्रंट ऑफिस के लिए महिलाओ को मध्य प्रदेश पर्यटन एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन मे इंडियन ग्रामीण सर्विसेस ( IGS ) संस्था द्वारा महिलाओ के लिए 30 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, साथ ही प्रशिक्षण के पश्चात्य महिलाओ को रोजगार से भी जोडा जाएगा। जिसके लिए अभी से ही अलग अलग नियोक्ताओं से भी संपर्क किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी महिलाओ को संबंधित विषय के लिए प्रमाण पत्र दिया जाएगा एवं इंटरव्यू कराने के लिए भी तैयार किया जा रहा है। जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद से जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर द्वारा ने बताया कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के दिशा- निर्देशानुसार महिलाओं को फ्रंट ऑफिस ट्रेड के लिए निशुल्क प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण की अवधि 30 कार्य दिवस है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान सभी प्रशिक्षार्थियों को फ्रंट ऑफिस कार्य के प्रैक्टिकल प्रशिक्षण मढ़ई के चुनिंदा मध्यप्रदेश टूरिज्म की होटल रिसोर्ट में भेजा जाएगा। जिससे वह अपने कार्यक्षेत्र को बेहतर तरीके से सीख और समझ सकें। साथ ही महिलाओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षार्थियों को रोजगार से भी जोड़ा जाएगा ताकी महिलाएं आत्मनिर्भर हों सकें और महिलाओं के लिए पर्यटन स्थल सुरक्षित हो वे दिल खोलकर पर्यटन स्थलों का आनंद ले सकें। यह मध्यप्रदेश टूरिज्म का उद्देश्य है।

# नर्मदा लोक कॉरीडोर निर्माण के लिए पीआईसी से 20 करोड़ की मंजूरी

**-नर्मदा जयंती, रामजी बाबा मेले का आयोजन भव्यता से मनाने पर जोर**

**-नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कार्य शुरू नहीं करने वाले ठेकेदारों को दिया 10 दिन का समय**



नर्मदापुरम (निप्र)। नगर पालिका में पीआईसी की बैठक नपाध्यक्ष नीतू महेंद यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मां नर्मदा जयंती और संत शिरोमणी श्रीरामजी बाबा मेले को भव्यता से मनाए जाने का प्रस्ताव पास हुआ। बैठक में कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले ठेकेदार को अंतिम चेतावनी दी है। साथ ही 10 दिन में ठेकेदार कार्य प्रारंभ नहीं करते हैं उनके टेंडर निरस्त किए जाने के निर्णय लिए गए। पीआईसी की बैठक में नपाध्यक्ष श्रीमती यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, कार्यालय अधीक्षक प्रशांत जैन, सभापति निर्मला हंस राय रिचा जीतू तिवारी राजकुमारी पूनम मेषकर, प्रेमा पंकज पांडे, नयना प्रमोद सोनी, महिमा रोहित गौर, नपा के उपयंत्री महेंद्र तोमर, आयुषी रिछारिया प्रतिमा बेलिया आदि उपस्थित रहे। कार्यालय अधीक्षक जैन ने बताया कि पीआईसी की बैठक में भव्यता और दिव्यता के साथ माँ नर्मदा जन्मोत्सव एवं नगर गौरव दिवस महोत्सव 2025 मनाया जाएगा और संत शिरोमणी श्री रामजी बाबा मेला लगेगा। साथ ही 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश जारी किए गए। अमृत 2-0 योजनांतर्गत ओएचटी बनाने हेतु पुराने तहसील के पास स्थित पुरानी पानी की टंकी एवं टंकी से लगा जल प्रदाय का जीण-शीर्ण स्टोर को तोड़ने की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव पारित किए गए। कायाकल्प 2-0 अतिरिक्त शहर में विभिन्न स्थानों पर रोड एवं नाली निर्माण कार्य में प्राप्त न्यूनतम दर स्वीकृति, कायाकल्प 1 अंतर्गत ट्रेंचिंग ग्राउंड से रेल्वे गेट तक सीसी रोड की प्राप्त द्वितीय निविदा दर स्वीकृति, लिगेसी वेस्ट निविदा के संबंध में विचार किया गया। नर्मदा लोक कॉरीडोर निर्माण हेतु राशि 20. 00 करोड़ की डीपीआर स्वीकृति हेतु पीआईसी में प्रस्ताव पास हुआ। फैफरताल तालाब के जीर्णोद्धार ;वाटर वॉडी कार्य हेतु एसएमडी डिजीटल टेस्टिंग लेबोरेटरी एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर भोपाल को कार्यादेश देने उपरांत एवं 2 बार सूचना देने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। कार्य प्रारंभ नहीं करने से संबंधित ठेकेदार का कार्य निरस्त कर अमानत राशि राजसात कर पुन: निविदा आमंत्रण का प्रस्ताव पारित हुआ।

पश्चिम मध्य रेल

विज्ञापित ई-टेंडरिंग निविदा सूचना

संख्या PMC-KAVACH-WCR-BINA-ET-3

दिनांक: 10.01.2025

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजी(प्रोजेक्ट) पश्चिम मध्य रेल्वे, भोपाल भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है। निविदा संख्या: PMC-KAVACH-WCR-BINA-ET-3 Date: 10.01.2025, कार्य का नाम: पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के बीना-इटारसी -जुझारपुर खंड, बीपीएल-एसएचआरएन खंड और जुझारपुर से पोवारखेड़ा तक अप और डाउन फ्लाईओवर ट्रैक में कवच (ट्रेन टक्कर परिहार प्रणाली) के प्रावधान के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करना।, कार्य की अनुमानित लागत रू.: 67281051.10, बयाना राशि रू.: 486400.00, टेण्डर फॉर्म की कीमत रू.: 0.00, कार्य समाप्ति अवधि: 30 (माह) हारवेस्ट एवं मानसून सहित, टेण्डर जमा करने की तारीख: 10/02/2025 15:00 बजे तक। पूर्ण टेण्डर शिडयूल से सम्बधित सम्पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा/बोलीदाताओं के पास क्लास III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक हैं और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहिये। मिनिमम एलिजिबिलिटी क्राईटेरिया एम.ई.सी (ए) एवं (बी) और बिड कैपेसिटी से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

मण्डल संकेत एवं दूर सं. अभियंता (परियोजना), पमरे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com


Government of Madhya Pradesh
MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
MSME
MPSeDC
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएँ
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24 25 फरवरी 2025, भोपाल
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव
शहडोल
अपार संभावनाओं की भूमि
16 जनवरी, 2025 | पूर्वाह्न 11:00 बजे
यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, आर.जी.पी.वी., शहडोल
शुभारंभ
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा
प्रमुख आकर्षण
4000+ प्रतिभागी
मुख्यमंत्री के साथ वन-टू-वन मीटिंग
3 सेक्टर आधारित सत्र
प्रदर्शनी
फोकस सेक्टर
खनन एवं खनिज | ऊर्जा | कृषि एवं उद्यानिकी | पर्यटन एवं हस्तशिल्प
Website: invest.mp.gov.in
#RICShahdol
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@Jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@JansamparkMP
JansamparkMP
CII
Confederation of Indian Industry
EY
Shape the future with confidence
D-11159/24